**Investors may contact the Company Secretary or Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related grievances including non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc. For all Issue related queries and for redressal of complaints, investors may also write to the BRLMs.**

*Continued on next page...*

...continued from previous page.

**AVAILABILITY OF THE RHP:**

Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

**AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:**

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasincia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

**AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:**

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel:** +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

**Sub-Syndicate Members:**

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited ), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

**Escrow Collection Banks:** Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

**Refund Banks:** Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

**Public Issue Account Banks:** Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

**Sponsor Banks:** Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

**UPI:** UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

**Toll free number: 1800 309 4001**

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

**WhatsApp to 7977222222**

**For JIO PLATFORMS LIMITED**
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
**Ms. Savithri Parekh**
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 22, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

**Jio Platforms Limited** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 31 तक आवेदन

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गन्ना तकनीकी उद्देश्य परियोजना (टेक्नोलॉजी मिशन ऑन शुगरकेन) के तहत वर्ष 2026-27 के लिए गन्ना किसान मैकेनिज्म इन शुगर केन इम्प्लीमेंट चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य गन्ना किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना तथा गन्ने की खेती को अधिक सुविधाजनक एवं लाभकारी बनाना है।कृषि विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि योजना के तहत गन्ने की फसल में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ लेने के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान इस योजना के तहत अनुदान प्राप्त करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट 31 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण को मिली मंजूरी

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लगभग 423.48 लाख रुपये की लागत से विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के नए भवनों और बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य उन उप-स्वास्थ्य केंद्रों को मानक और आधुनिक भवन उपलब्ध कराना है जो वर्तमान में बिना भवन के चल रहे हैं या पंचायत भवनों एवं अन्य परिसरों में संचालित हो रहे हैं। आरती सिंह राव ने बताया कि इस योजना के तहत भिवानी जिले के गांव राजगढ़ और कलिंगा-द्वितीय, पलवल जिले के गांव मंगोरका और गदपुरी, तथा जींद देवराड़ व ढरोली में नए भवन बनाए जाएंगे।

### हरियाणा विजन 2047: मुख्यमंत्री ने की पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा

# ऐतिहासिक स्थानों पर बनेंगे कॉरिडोर, 21 नए पुरातात्विक स्थलों पर खुदाई होगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में अनेक ऐसे ऐतिहासिक स्थान हैं जो हमारे गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों के संघर्ष के परिचायक हैं। प्रदेशवासियों को इनसे रूबरू करवाने के लिए हरियाणा में ऐतिहासिक स्थानों का नया कॉरिडोर बनाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरों की कहानियों की जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह निर्देश बृहस्पतिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की अगले 5 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग की कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार करने तथा हरियाणा को टूरिज्म हब बनाने के संबंध में अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश में वर्ष 1972 से 2025 के बीच 9 स्थलों पर पुरातात्विक खुदाई की गई है। विभाग द्वारा भविष्य में 21 नए स्थलों पर खुदाई की जाएगी। पहले चरण में 2026-27 के दौरान हिसार जिले के सीसवाल में खुदाई की योजना है। इसके बाद खरड़ अलीपुर में दो चरणों में खुदाई की जाएगी। वर्ष 2029-31 के दौरान बालू, जोगना खेड़ा, तिगड़ाना और राखीगढ़ी में से पुरातात्विक प्राथमिकता के आधार पर स्थलों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंबाला कैंट में विशाल एवं भव्य शहीद स्मारक बनाया गया है।



**राखीगढ़ी और सरस्वती-सिंधु सभ्यता पर विशेष ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी को एक प्रमुख पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के साथ सरस्वती-सिंधु विरासत कॉरिडोर की अवधारणा पर काम किया जाएगा। इसमें राखीगढ़ी, भरड़ाना, तिगड़ाना, बनावली, कुनाल, बालू, भगवानपुरा और खरड़ अलीपुर सहित प्रमुख स्थलों को जोड़ा जाएगा। इसके साथ कुरुक्षेत्र, अग्रोहा, थानेसर, पिंजौर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की विरासत को भी प्रमुखता दी जाएगी।

**संरक्षित स्मारकों की संख्या 120 से अधिक करने का लक्ष्य :** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 72 संरक्षित स्मारकों की संख्या को वर्ष 2031 तक 120 से अधिक किया जाए। ऐतिहासिक किलों, प्राचीन बावड़ियों, मंदिरों और हवेलियों की पहचान, दस्तावेजीकरण तथा वैज्ञानिक संरक्षण किया जाए। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी मंथन किया।

### गुरु दर्शन, कैलाश मानसरोवर और सिंधु दर्शन यात्रा के लिए दोगुने श्रद्धालुओं को मिलेगी सहायता

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अब स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा, कैलाश मानसरोवर यात्रा और सिंधु दर्शन यात्रा के लिए 100-100 श्रद्धालुओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अब तक इन तीनों यात्राओं के तहत प्रति वर्ष 50-50 श्रद्धालुओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही इन यात्राओं के लिए लाभार्थियों का पंजीकरण अब पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से किया जाए। पर्यटन विभाग आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि सरकार द्वारा स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा के लिए प्रति श्रद्धालु 20 हजार, कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए प्रति श्रद्धालु 50 हजार रतथा सिंधु दर्शन यात्रा के लिए प्रति श्रद्धालु 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सुप्रसिद्ध कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय की वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर ऐसा अनुभव होता है, मानो हम लगभग 5,160 वर्ष पूर्व उस काल में पहुंच गए हों, जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। उनकी वाणी से प्रवाहित भक्ति और ज्ञान की अमृत वर्षा श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के संदेश से जोड़ती है। मुख्यमंत्री बुधवार देर रात को सेक्टर 34 चंडीगढ़ मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंद्रेश उपाध्याय से कथा सुनने की उनकी भी इच्छा थी। इस पावन आयोजन में पहुंचकर उन्हें मन की शांति, आत्मिक शक्ति और जीवन को नई दिशा देने वाले संदेश की अनुभूति हुई है।

### आज से जगमगाएगा तीसरा सूरजकुंड दीपावली मेला

**चंडीगढ़।** हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं और पारंपरिक हस्तशिल्प को नई पहचान देने के उद्देश्य से तीसरे सूरजकुंड दिवाली मेले का शुक्रवार को भव्य आगाज होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। पर्यटन विभाग की ओर से मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। कल 23 से 26 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में देशभर की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और लोक संगीत की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। मेले में लगभग 300 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां पर्यटक दिवाली की खरीदारी के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिल्पकारों की कलाकृतियों से रूबरू हो सकेंगे।

- चार दिवसीय मेले का सीएम करेंगे शुभारंभ
- मेले में लगभग 300 स्टॉल लगाए जाएंगे

### भ्रष्टाचार पर शिकंजे की तैयारी, हर विभाग में होगा नोडल अधिकारी

**चंडीगढ़।** सरकार ने विभिन्न विभागों और राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के बीच सूचनाओं का समयबद्ध एवं सुचारू आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए हर विभाग में किसी राजपत्रित अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार, नामित नोडल अधिकारी राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा लिखित पत्राचार के माध्यम से मांगी गई सूचनाओं के लिए समन्वय स्थापित करने । सरकार ने निर्देश दिए हैं कि ब्यूरो से लिखित अनुरोध प्राप्त होने के बाद, जहां तक व्यावहारिक रूप से संभव हो, संबंधित सूचना 48 घंटे के भीतर उपलब्ध करवाई जाए, ताकि आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान में अनावश्यक विलंब न हो। सभी विभागों को नामित नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी सहित पूरा विवरण इन निर्देशों के जारी होने के 15 दिनों के भीतर सतर्कता विभाग को भेजने के निर्देश दिए है।

### मंडियों में अब तक 30 लाख मीट्रिक टन धान की आवक

**चंडीगढ़।** प्रदेश की मंडियों में धान की आवक व खरीद जोरों पर चल रही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 21 अक्टूबर तक राज्य में लगभग 60.67 लाख मीट्रिक टन नॉन-बासमती धान के उत्पादन का अनुमान है, जिसके विरुद्ध इस अवधि तक लगभग 30.26 लाख मीट्रिक टन धान की आवक मंडियों में हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धान की खरीद का 58 लाख मीट्रिक टन (एमटी) का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार ने मार्केट कमेटी के सचिवों को निर्देश दिए हैं कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत ऐसे किसान जिनके धान का सत्यापन किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया है लेकिन वे अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच चुके हैं, उनका राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर तुरंत सत्यापन करवाएं ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। मंडियों में वरिष्ठ अधिकारियों को बतौर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है।

### हरियाणा में अस्पतालों के हर मेडिकल उपकरण का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने जिला अस्पतालों को अपग्रेड, ब्लड बैंकों को मजबूत करने, जांच प्रयोगशालाओं की सुविधाओं में सुधार, दवाओं की गुणवत्ता की जांच को बेहतर बनाने तथा प्रदेश के सभी जिलों में चिकित्सा उपकरणों की केंद्रीकृत डिजिटल सूची तैयार करने के लिए लगभग 3.26 करोड़ की खरीद एवं सेवा संबंधी योजनाओं को मंजूरी दी है।ये निर्णय स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्वास्थ्य खरीद विशेष स्थायी खरीद समिति की बैठक में लिए गए। समितियों ने जिला अस्पतालों के लिए छह शवों की क्षमता वाले नौ शवगृह चैंबर की खरीद हेतु दो वर्ष की दर अनुबंध व्यवस्था को मंजूरी दी। इनकी अनुमानित लागत 70.62 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त, लगभग 66.27 लाख रुपये की लागत से 17 ऊंचाई समायोजित करने वाली पेडेस्टल ऑटोप्सी टेबल खरीदने की भी स्वीकृति दी गई।

- 3.26 करोड़ की खरीद एवं सेवा संबंधी योजनाओं को मंजूरी

### अंबाला को सौगात, ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण होगा

**चंडीगढ़।** श्रम मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से अंबाला सेक्टर-33 में प्रस्तावित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने और परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर परियोजना की महत्ता से अवगत करवाया और ईएसआईसी के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश देने का अनुरोध किया है। अनिल विज ने पत्र में कहा कि अंबाला में ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण क्षेत्र के बीमित कर्मचारियों, उनके आश्रितों और आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अस्पताल के बनने से लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्राप्त करने में सुविधा होगी और उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होगी।

- अनिल विज ने केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखा

### बिजली वितरण लाइसेंस देना जनविरोधी कदम : संपत

**चंडीगढ़।** पूर्व वित्त मंत्री और इनेलो राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने सरकार पर तीखा हमला बोला व कहा कि हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देना राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारों द्वारा सुनियोजित तरीके से थोपे गए जनविरोधी फैसले का परिणाम है। वीरवार को चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर उन्होंने आरोप लगाया कि नियामक आयोग ने वैधानिक दायित्वों से मुंह मोड़ लिया है और हरियाणा सरकार की कठपुतली बनकर काम कर रहा है, ताकि मुनाफे का निजीकरण किया जा सके और घाटे का बोझ जनता पर डाला जा सके।

# बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर हलचल तेज

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ली हाईलेवल मीटिंग, बोले-कर्मचारियों के साथ बातचीत के रास्ते खुले

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा में बिजली कर्मचारी संगठनों की हड़ताल के पहले दिन गुरुवार को राज्यभर में बिजली व्यवस्था और प्रशासनिक हलचल तेज रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने अंबाला में लगने वाला अपना खुला जनता दरबार रद्द कर दिया। मंत्री ने सुबह मंत्रालय पहुंचकर सभी जिलों का अपडेट लिया और आपूर्ति प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में तुरंत समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की हाईलेवल बैठक ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह समेत कई जिलों में हड़ताल के प्रभाव पर लंबी चर्चा की।

सरकार का मुख्य प्रयास यही है कि कर्मचारी नेताओं के साथ बातचीत के रास्ते खुले रखे जाएं और जिलों स्तर पर भी संवाद के जरिए मामलों को जल्द सुलझाया जाए। साथ ही, शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।अधिकारियों की छुट्टियां रद्द, एचईआरसी के फैसले के खिलाफ कानूनी तैयारी बिजली कंपनियों की चेयरपर्सन आशिमा बराड़, एमडी डॉ. आदित्य दहिया और विक्रम सिंह सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। अधिकारी सुबह से देर रात तक फील्ड और मुख्यालय स्तर पर मोर्चा संभाले हुए हैं।

- बैठक में मिलों में बिजली संकट पर चर्चा

**फैसले पर स्टे लेने की तैयारी**

इसके अलावा, सरकार ने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के फैसले के खिलाफ विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर कर स्टे लेने का बड़ा फैसला लिया है। वैकल्पिक व्यवस्था और पड़ोसी राज्यों से मदद हड़ताल के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए विभाग ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से तकनीकी कर्मचारियों (जेई, लाइनमैन, शिफ्ट अटेंडेंट आदि) की मदद ली है। पंचकूला और रोहतक के मुख्य अभियंताओं को हड़ताल की अवधि के लिए समग्र प्रभारी बनाया गया है, जो सभी 10 ऑपरेशन सर्किलों की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए वीडियोग्राफी के साथ प्रशासनिक अमले को भी तैनात किया गया है।

### दिल्ली रैली की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष ने ली बैठक

**चंडीगढ़।** कांग्रेस प्रभारी हरियाणा संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों और सभी जिला अध्यक्षों के साथ जूम बैठक कर 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली इंडिया गठबंधन की जनसभा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में रैली को सफल बनाने, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता की प्रभावी भागीदारी के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को इंडिया गठबंधन की रैली का प्रमुख मुद्दा बनाने पर जोर दिया गया। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। पार्टी का ऐलान है कि जब तक ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच प्रमुखता से उठाते हुए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करेगी।

- प्रदेश प्रभारी संजय दत ने भी दिए दिशा निर्देश

### प्रदूषण नियंत्रण अभियान, पराली प्रबंधन के लिए 13200 मशीनें वितरित : रस्तोगी



**चंडीगढ़।** सरकार ने पराली जलाने, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, सड़क की धूल, निर्माण गतिविधियों और औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रयास और तेज कर दिए हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अध्यक्ष राजेश वर्मा और हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में बहस्पतिवार यहां हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में इन उपायों की समीक्षा की गई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग निदेशक अमित खत्री ने बताया कि प्रदेश में फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों के वितरण के लिए निर्धारित 9,000 मशीनों के लक्ष्य के मुकाबले 13,200 मशीनें वितरित की जा चुकी हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से 47 प्रतिशत अधिक है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए इस वर्ष अब तक 52 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त, 10,000 रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूल किया गया है। पराली जलाने से संबंधित मामलों में किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी की गई हैं। गांवों में पराली जलने से रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी हो रही है।

रोहतक
शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 260
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.8°C
न्यून. 14.3°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## भारत ने टी-20 में अपना सबसे बड़ा रनचेज किया

**क्राइस्टचर्च।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मैच 4 विकेट से जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अपने सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। कीवी टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 225 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। संजू सैमसन ने 67 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 42 रन बनाए। नमन धीर ने सिक्स लगाकर जीत दिलाई। वे 15 बॉल पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ा टारगेट चेज करने का अपना रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले भारत ने दो बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और 2026 न्यूजीलैंड के खिलाफ 209 रन का टारगेट चेज किया था। (विस्तृत खेल पेज पर)

- पहले मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया
- नमन धीर ने छक्का लगाकर जीत दिलाई

### भारत व फ्रांस में अराजकता फैलाने वाले सीक्रेट नेटवर्क का भंडाफोड़

# 9 देश, 101 संगठन और चीन से हो रही फंडिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और फ्रांस में हो रहे प्रदर्शनों के बीच कथित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के कनेक्शन को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' में 9 देशों के 101 संगठनों का जिक्र करते हुए दावा किया गया है कि ये समूह विभिन्न देशों में आंदोलनों के बीच समन्वय और समर्थन में भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें फ्रांस के इंडियन अलायंस पेरिस (आईएपी) और प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल जैसे संगठनों का भी नाम है। रिपोर्ट में चीन के शंघाई में रहने वाले अमेरिकी मूल के कारोबारी नेविल रॉय सिंघम पर कुछ वामपंथी संगठनों को आर्थिक मदद देने का दावा भी किया गया है। रिपोर्ट में फ्रांस में आगे होने वाले प्रदर्शनों व 20 नवंबर को प्रस्तावित इंटरनेशनल यूथ स्ट्राइक का भी जिक्र है।

फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' में खुलासा

**आईएपी और मैनहैटन स्थित पीपल्स फोरम के बीच साझेदारी का जिक्र**

मैक्रों का इस्तीफा और भारतीय चुनाव आयोग पर निशाना

**वैश्विक अराजकता की स्क्रिप्ट एक ही रिमोट से चल रही**

चीन में बैठा सिंघम कर रहा फंडिंग

### फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध

रिपोर्ट के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डिसइन्फोलैब ने एक पोस्ट में दावा किया कि आईएपी के सचिव जॉय बनर्जी फ्रांस की ट्रेड यूनियन सीजीटी के पूर्व प्रतिनिधि रह चुके हैं और उनके फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध हैं। रिपोर्ट में प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल नाम के अंतरराष्ट्रीय संगठन का भी जिक्र है। इस संगठन ने 16 अक्टूबर को अपनी वेबसाइट पर जारी ब्रीफिंग में फ्रांस, स्पेन, भारत और अल्बानिया में चल रहे आंदोलनों का एक साथ उल्लेख किया। संगठन ने सवाल उठाया कि क्या ये आंदोलन उन परिस्थितियों को बदलने के लिए संगठित ताकत बन सकते हैं, जिनके खिलाफ वे शुरू हुए हैं। उसने इन आंदोलनों को समर्थन देने और उनके बीच संपर्क बढ़ाने की बात भी कही।



फाइल फोटो

### 101 संगठनों में 33 छात्र और युवा समूह

रिपोर्ट के मुताबिक, 9 देशों में फैले 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्रों या युवाओं के हाथ में है। बाकी संगठनों का नेतृत्व मुख्य रूप से वयस्क करते हैं। रिपोर्ट में वामपंथी, कम्युनिस्ट और समाजवादी समूहों के साथ छात्र संगठनों का भी जिक्र है। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को 'रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम' नाम दिया गया है। इसमें 'रेड' का संबंध कम्युनिस्ट और समाजवादी समूहों से, जबकि 'ग्रीन' का संबंध इस्लामी संगठनों से बताया गया है। रिपोर्ट में फ्रांस के कुछ ऐसे समूहों का भी जिक्र है, जो 'एंटीफा' नाम का इस्तेमाल करते हैं।

### तीन संगठनों को सिंघम से मदद

रिपोर्ट में 'ब्रेकथ्रू न्यूज', 'कोडपिंक' और 'पार्टी फॉर सोशलिज्म एंड लिबरेशन' जैसे संगठनों के नाम शामिल हैं। इसमें दावा किया गया है कि इन संगठनों को शंघाई में रहने वाले अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम से आर्थिक मदद और समर्थन मिलता है। 14 अक्टूबर को 'ब्रेकथ्रू न्यूज' पर प्रकाशित एक इंटरव्यू में सिंघम की पत्नी और कोडपिंक की सह-संस्थापक जोडी इवांस ने फ्रांस, स्पेन और भारत में हो रहे प्रदर्शनों का जिक्र किया।

### फ्रांस में 24 अक्टूबर को 212 जगहों पर प्रदर्शन की तैयारी

रिपोर्ट के मुताबिक, 17 अक्टूबर को फ्रांस में हुए प्रदर्शनों के बाद 24 अक्टूबर को 'एक्ट II' नाम से फिर प्रदर्शन करने की तैयारी थी। एक डिजिटल मैप के हवाले से 212 जगहों पर प्रदर्शन की योजना का जिक्र किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तुर्किये में बनी एक कनिक पिस्टल, 10 कारतूस वाली मैगजीन और दो आईईडी बरामद हुए हैं। ये दोनों सीमापार से आने वाले आतंकियों के मददगार बताए जा रहे हैं। पिछले 60 दिनों में ऐसी 18 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी

### दिल्ली में जनगणना का दूसरा चरण 10 जनवरी से

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनगणना के दूसरे चरण की शुरुआत 10 जनवरी 2027 से होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर गणना करने की प्रक्रिया के 25 जनवरी से शुरू होने से पहले 15 दिन तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्व-गणना की अवधि 10 से 24 जनवरी तक होगी जबकि क्षेत्रीय स्तर पर गणना का काम 25 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। भाषा

### एमबीबीएस की 800 से अधिक सीटें खाली

**चेन्नई।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 में सीट आवंटन प्रक्रिया (काउंसिलिंग) के अंतिम चरण के समाप्त होने के बाद तमिलनाडु और पुडुचेरी के मानद विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 800 से अधिक सीटें खाली रह गई हैं। मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) के सूत्रों के अनुसार, देशभर में एमबीबीएस की कुल 837 खाली सीटों में से अकेले तमिलनाडु और पुडुचेरी के मानद विश्वविद्यालयों में ही 824 सीटें खाली रह गई हैं। भाषा

### हूती विद्रोहियों के हमले में 1 भारतीय समेत 3 की मौत

**रियाद।** सऊदी अरब में बुधवार देर रात एक एयरपोर्ट और एक तेल ठिकाने पर हुए हमलों में एक भारतीय समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। इसमें 3 भारतीय भी हैं। वहीं, अरामको के तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए। (पेज 8 भी देखें)

### काशी तमिल संगमम 28 नवंबर से : जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने घोषणा की कि सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 'काशी तमिल संगमम' का पांचवां संस्करण 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक होगा। मंत्री ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण पोर्टल भी शुरू किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करना है। एजेंसी

### भारत ने चौथे दिन 7 गोल्ड, 4 सिल्वर व 15 ब्रॉन्ज जीते

# पैरा एशियन गेम्स : शीतल को 2 गोल्ड, हाईजंप में क्लीन स्वीप



**नागोया।** भारत ने पैरा एशियन गेम्स में गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना अपने नाम किया। एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर T47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर टी-47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, पुरुषों की लॉन्ग जंप टी44/टी62/टी64 स्पर्धा में सौलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया।

- पदकों की संख्या 88 हुई, सूची में चौथे स्थान पर आया भारत
- तीरंदाजी में शीतल और तोमर की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता
- शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना कब्जाया
- शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड जीता

### इन्होंने पदक कब्जाए

**शीतल देवी :** स्वर्ण पदक, महिला कंपाउंड व्यक्तिगत तीरंदाजी।
**शीतल देवी और तोमर कुमार :** स्वर्ण पदक, कंपाउंड मिक्स्ड टीम तीरंदाजी।
**शैलेश कुमार :** स्वर्ण पदक, पुरुष हाई जंप टी42/टी63
**दिलीप महादू गावित :** स्वर्ण पदक, पुरुष 400 मीटर टी47
**अंजनाबेन बुम्बाडिया :** स्वर्ण पदक, महिला 400 मीटर टी47
**सुवर्णा राज :** स्वर्ण पदक, महिला डिस्कस थ्रो एफ 54
**सोलैराज धर्मराज :** स्वर्ण पदक, पुरुष लॉन्ग जंप टी44/टी62/टी64
**भाविककुमार भरवाड़:** रजत पदक, पुरुष 400 मीटर टी47
**वरुण सिंह भाटी:** रजत पदक, पुरुष हाई जंप
**जयंती बेहरा :** रजत पदक, महिला 400 मीटर
**स्वाति चौधरी:** रजत पदक, महिला व्यक्तिगत डब्ल्यू 1 तीरंदाजी

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की हाई जंप टी42/टी63 स्पर्धा में भारत ने तीनों मेडल जीतकर पोडियम पर कब्जा जमाया। (खेल पेज भी देखें)

### प्रदेश में बिजलीकर्मियों की हड़ताल से लोग परेशान, कई जगह जाम

# कई शहरों में ब्लैक आउट, भिवानी में बिजली ठीक कर रहे किसान की मौत

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

गुरुग्राम और नूंह की बिजली वितरण में निजी कंपनी को पैरलल लाइसेंस देने के खिलाफ बिजली कर्मियों और इंजीनियर (अधिकारी) ने बृहस्पतिवार से तीन दिनों की हड़ताल शुरू कर दी। पहले दिन हड़ताल का कईं जिलों में पूर्ण असर दिखाई दिया। हड़ताल से गुरुग्राम, हिसार, हांसी, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, झज्जर, फरीदाबाद, पानीपत, पंचकूला, रोहतक, जींद, कैथल, करनाल, यमुनानगर और अंबाला समेत अधिकांश प्रदेश में असर देखने को मिला। जहां फॉल्ट आया, वहां बिजली कर्मी ठीक करने नहीं पहुंचे। रेवाड़ी, कैथल समेत कई शहरों और सैकड़ों गांवों में ब्लैकआउट की स्थिति बनी रही। वहीं, भिवानी में खुद बिजली का फॉल्ट ठीक करने ट्रांसफार्मर पर चढ़े किसान की करंट से मौत हो गई। करनाल और फरीदाबाद में परेशान लोगों ने जाम लगा दिया। सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने बिजलीघरों पर पुलिस तैनात की है और बिजली अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। देर रात कई स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन किए और सड़कों पर जाम लगा दिए। शुक्रवार को भी बिजली कर्मी हड़ताल पर रहेंगे।

**गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली सप्लाई का लाइसेंस देने के विरोध में प्रदर्शन**

- राज्य के अधिकांश हिस्सों में बिजली गुल, पानी के लिए मुश्किलें बढ़ीं
- औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन ठप, आनलाइन काम पर भी असर
- करनाल-कैथल फरीदाबाद में लोगों ने जाम लगाया, अनाज मंडियों में आई दिक्कत
- कुरुक्षेत्र में डीसी ने मोर्चा संभाला, पीडब्ल्यूडी कर्मियों और आईटीआई छात्रों को फील्ड में उतारा
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की वार्ता की अपील



अंधेरे में डूबा कैथल का गांव जाखौली

### कईं संगठनों ने किया समर्थन

संयुक्त किसान मोर्चा के अधिकांश घटक संगठन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, मजदूर संगठन सीटू, एटक, इंटक और एआईयूटीयूसी ने हड़ताल का पुरजोर समर्थन किया और जगह जगह प्रदर्शन किए। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा और आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने भी पैरलल लाइसेंस का पुरजोर विरोध किया और हड़ताल के साथ एकजुटता प्रकट की। हड़ताल में चारों निगमों के करीब 40 हजार कर्मचारी और इंजीनियर (अधिकारी) शामिल हैं। लगभग शत-प्रतिशत कर्मियों के हड़ताल में शामिल होने के कारण ब्रेक डाउन हुए 33 व 11 केवी फीडर बंद पड़े हैं। औद्योगिक फीडर बंद होने से औद्योगिक उत्पादन पर भी विपरीत असर पड़ा है।

### सफल रही हड़ताल

सांझा मोर्चा सदस्य देवेंद्र सिंह हुड्डा,रविन्द्र घणघस, इकबाल चांदना, बिजेंद्र सिंह बराड़, बलजीत बेनीवाल,सुरेश राठी, यशपाल देसवाल व राजेश सिरोही ने हड़ताल की ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सफलता का दावा किया और इसके लिए पूरी तरह हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बिजली कर्मचारी और इंजीनियर अपने वेतन भत्ते बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर नहीं है, बल्कि बिजली को निजी हाथों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### पड़ोसी राज्यों से कर्मचारी हरियाणा नहीं आएंगे

सुभाष लांबा ने कहा कि सरकार हड़ताल को विफल बनाने के लिए पड़ोसी राज्य पंजाब व हिमाचल प्रदेश से तकनीकी कर्मचारियों और सुपरवाइजर को बुलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एनसीसीओईईई ने पंजाब, हिमाचल,उप्र, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के कर्मचारी और इंजीनियर संगठनों को किसी भी कर्मचारी को हरियाणा में नहीं आने देने के निर्देश दिए हैं।

*स्वास्थ्य मंत्री अरुणराज ने दी जानकारी*

### तमिलनाडु में भारत के पहले डेंगू टीके का हो रहा अध्ययन

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के तेनकासी जिले में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की निगरानी में भारत का पहला डेंगू टीका अध्ययन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के जी अरुणराज ने यह जानकारी दी। अरुणराज ने यहां बाल विकास पर आयोजित एक कार्यशाला से इतर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह टीका फिलहाल ब्राजील के टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा है। अरुणराज ने कहा कि भारतीय परिस्थितियों में इसकी प्रभावशीलता का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल यह गंभीर परिणामों और अस्पताल में भर्ती होने से 80 से 90 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करता है।

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की निगरानी में हो रहा**

*वाहन नियमों में संशोधन के लिए मसौदा*

### ऑनलाइन परीक्षा में 75% अंक आने पर मिलेगा डीएल

**नई दिल्ली (भाषा)।** ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए अब ऑनलाइन परीक्षा पास करना आसान नहीं होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़े ऑनलाइन पाठ्यक्रम की परीक्षा में पास होने के लिए न्यूनतम अंक 60% से बढ़ाकर 75% करने का प्रस्ताव किया है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए मंत्रालय की ओर से जारी मसौदे के मुताबिक, सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ा यह ऑनलाइन पाठ्यक्रम कम-से-कम 30 मिनट का होगा। इसके अलावा, आधार से सत्यापित ऑनलाइन सेवाओं के तहत ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी कुछ चुनिंदा सेवाओं के लिए शुल्क में छूट देने का प्रस्ताव है।

**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने तैयार किया मसौदा**

*नए समन मिलने की संभावना*

### सौरव-आशुतोष पुलिस के सामने पेश नहीं हुए

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए और समय मांगा है। अपराध शाखा ने इन दोनों नेताओं को पेश होने का निर्देश दिया था।

**क्राइम ब्रांच से और समय मांगा, कल तिहाड़ से रिहा हुए**

#### नेहा की याचिका पर फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट ने आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस पर फैसला अब 23 अक्टूबर को सुनाया जाएगा। यह याचिका धारा 126 और 130 के तहत शांति बनाए रखने के लिए बॉन्ड भरने के लिए जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए दायर की गई है।

**जियो आईपीओ 5.57 गुना सब्सक्राइब**

### दो दिन में 75 लाख से ज्यादा आवेदन आए

**मुंबई(एजेंसी)।** देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। गुरुवार शाम 7 बजे तक जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का आईपीओ 5.57 गुना सब्सक्राइब हो गया। दो दिनों में आवेदनों की संख्या 75 लाख पार कर गई। बड़े संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी 13.29 गुना सब्सक्राइब हुई, जबकि रिटेल कैटेगरी भी 1.54 गुना भर गई। जियो आईपीओ के पहले दिन कुल सब्सक्रिप्शन 3.16 गुना था, जो दूसरे दिन बढ़कर 5.57 गुना पहुंच गया। गैर-एंकर निवेशकों के लिए उपलब्ध 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 110 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आईं। (विस्तृत पेज 4 पर)

**रिटेल, कर्मचारी और शेयरहोल्डर समेत सभी कैटेगरी फुल**

*यूक्रेनी राष्ट्रपति को देनी पड़ी सफाई*

### अमेरिकी अफसरों ने जेलेंस्की को लगा दी कड़ी फटकार

**वाशिंगटन (भाषा)।** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में एक बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान ट्रम्प के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ (मिडिल ईस्ट में विशेष दूत) व जेरेड कुशनर (ट्रम्प के दामाद) ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की कड़ी फटकार लगाई। दोनों ने जब जेलेंस्की से कहा कि ट्रम्प के खिलाफ उनके बयानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नाराज कर दिया है, तो वे सफाई देने लगे और कहा कि उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा। ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच इस महीने रूस से डीजल खरीदने के अमेरिकी फैसले, रूस पर कुछ प्रतिबंधों में ढील और यूक्रेन को अमेरिकी मदद सीमित करने जैसे मुद्दों पर कई बार बयानबाजी हुई है।

**रूस से डीजल खरीद के अमेरिकी फैसले पर जताई थी नाराजगी**

### पंचकूला पहुंची भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति और सह-प्रभारी भोला

**वरिष्ठ नेताओं को रात्रि प्रवास के निर्देश, पन्ना स्तर पर संगठन की मजबूती पर देंगे बल**

# तीन माह में हर बूथ पर 11 सदस्यीय समिति का पुनर्गठन करेगी भाजपा

**पंचकूला(ब्यूरो)।** हरियाणा में भाजपा ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए अगले तीन महीनों में प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्यीय समिति के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी जिलों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान रात्रि प्रवास भी किया जाएगा, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क मजबूत हो सके। गुरुवार को भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी स्मृति तथा राष्ट्रीय सचिव एवं सहप्रभारी सांसद डॉ. भोला सिंह के दो दिवसीय हरियाणा प्रवास के तहत प्रदेश कार्यालय पंचकमल पहुंचने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पहले दिन हुई संगठनात्मक बैठकों में बूथ सशक्तीकरण, कार्यकर्ताओं की भागीदारी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।



### गुप्ता ने दी कार्ययोजना की जानकारी

बैठकों की अध्यक्षता कर रहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में प्रवास और संगठनात्मक कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले दिन राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन राणा तथा प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, सत्यप्रकाश जरावता और वेद फुल्ला के साथ बैठक की।

### हर कार्यकर्ता को मिलेगा काम

डॉ. अर्चना ने बताया कि बूथ समितियों के गठन एवं पुनर्गठन और पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति के लिए प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश महामंत्रियों और जिला प्रभारियों के नियमित प्रवास सुनिश्चित किए जाएंगे। इन प्रवासों में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद, बूथ स्तर की स्थिति की समीक्षा और संगठनात्मक जिम्मेदारियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी जिलों में रात्रि प्रवास भी करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उनके अनुभवों का लाभ संगठन को दिलाने पर जोर रहेगा।

### संगठनात्मक मजबूती पर होगा मंथन

दो दिवसीय प्रवास के दौरान संगठन के विभिन्न स्तरों पर संवाद का सिलसिला जारी रहेगा। प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ बैठकों के बाद तीन कार्यकाल तक प्रदेश पदाधिकारी रहे नेताओं, मोर्चों के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों तथा बोर्ड एवं निगमों के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के साथ भी बैठक की जाएगी।

**एक्टर के बांद्रा स्थित घर की हुई थी रेकी**

# टाइगर श्रॉफ के शूटर्स के निशाने पर थे रणबीर कपूर!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर बीते रविवार को हुई फायरिंग मामले में नई जानकारी सामने आई है। टाइगर पर हमले के आरोपी शूटरों ने रणबीर कपूर के बांद्रा स्थित घर की भी रेकी की थी। पुलिस अपनी जांच में ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह सर्विलांस किसी कथित साजिश से जुड़ा हुआ था या फिर अन्य बॉलीवुड सितारों की तरह उनका नाम भी इसमें शामिल किया गया था। इस खबर ने 'रामायण' फिल्म के स्टार रणबीर कपूर के फैंस को परेशान कर दिया है। 18 अक्टूबर को टाइगर श्रॉफ के साथ हुए हादसे ने बॉलीवुड सितारों को अंदर से झकझोर दिया है। टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के मामले में अभी तक पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोटा से 3 शूटर्स को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी फिलहाल मुंबई पुलिस की एंटी एक्सटॉर्शन सेल की हिरासत में हैं। (पेज 3 भी देखें)



## खबर संक्षेप



### बाबा साहेब की प्रतिमा पर डाला काला रंग

**भूना।** गांव खासा पठाना में डुल्ट रोड स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों द्वारा काला रंग डालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण रमन कुमार, अजय कुमार, संदीप कुमार, मनोज कुमार, सत्यवान, देशराज, सुरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, धर्मवीर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने घटना पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इस हरकत के पीछे गांव का माहौल खराब करने और आपसी मतभेद पैदा करने की मंशा हो सकती है। थाना प्रभारी कंवर सिंह भी वीरवार देर शाम गांव पहुंचे और मामले की जांच की।

### कनीना में जमीनी विवाद में भाई का हाथ काटा

**कनीना।** गांव सीहोर में जमीन के टुकड़े को लेकर दो सगे भाइयों के बीच चल रहा आपसी विवाद वीरवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि तैश में आकर एक भाई ने दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया और उसका हाथ काट दिया। खून से लथपथ घायल को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहलंग पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और जिला अस्पताल नारनौल रेफर कर दिया।

### ट्रक ने छीना चार बेटियों के सिर से मां का साया

**करनाल।** शहर के हांसी रोड पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 35 वर्षीय खुशबू के रूप में हुई है। वह चार बेटियों की मां थी। संजीव के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे वह पत्नी के साथ हांसी चौक की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें खुशबू ट्रक के नीचे आ गई, जबकि संजीव दूसरी तरफ सड़क पर गिरा। संजीव का आरोप है कि वह पत्नी को पहले कल्पना चावला अस्पताल लेकर पहुंचा और बाद में पुराने सरकारी अस्पताल गया। उसने आरोप लगाया कि दोनों अस्पतालों में करीब दो घंटे तक भटकने के बावजूद उचित सुनवाई नहीं हुई। निजी अस्पताल में उसकी पत्नी ने दम तोड़ दिया।

### रिटायर्ड एसआई के घर पर चलाईं गोलियां

**फरीदाबाद।** नगला एनक्लेव पार्ट-2 में दो बदमाशों ने बुधवार रात 2 बजे रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर के घर पर फायरिंग कर दी। आरोपियों ने एक के बाद एक 3 गोलियां चलाईं और बुलेट पर फरार हो गए। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फायरिंग में खिड़की का शीशा टूट गया, जबकि एक गोली दीवार में जा लगी। तीसरी गोली हवा में चलाई गई। हरियाणा पुलिस रिटायर्ड एसआई सुरजीत बैंसला ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी है।

## करनाल में सड़क हादसे में सेना के जवान की मौत, अंतिम संस्कार के समय खड़ा हुआ विवाद

# फौजी की मौत के बाद सामने आई कथित पत्नी, परिजन बोले-वो कुंवारा था

- सेना ने मैरिज सर्टिफिकेट के आधार पर महिला को दिया शव, परिजनों के विरोध पर चली गई महिला
- ग्रामीणों का दावा-महिला दो बच्चों की मां, पहले पति की मौत से पहले का दिखा रही संदिग्ध मैरिज सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल के गांव बुढ़नपुर बांगर निवासी नायक शेर सिंह (32) की मौत के बाद अंतिम संस्कार से पहले पत्नी होने के दावे को लेकर विवाद खड़ा हो गया। महिला का दावा है कि वह फौजी की पत्नी है, जबकि परिजनों का कहना है कि उनके बेटे की शादी नहीं हुई थी। इस वजह से विवाद खड़ा हो गया है। बता दें कि शेर सिंह 12 अक्टूबर को छुट्टी पर घर आए थे। इसी दौरान भादसों रोड पर उनकी बाइक की एक साइकिल सवार से टक्कर हो गई थी। इस हादसे में साइकिल व बाइक सवार दोनों को ही चोटें आईं।

### आर्मी को लिखा-फंड किसी को ट्रांसफर न करें



इधर, कादराबाद पंचायत की ओर से इंडियन आर्मी रायवाला को पत्र लिखकर शेर सिंह से संबंधित फंड और अन्य भुगतान पर फिलहाल रोक लगाने की मांग की गई है। पंचायत के पत्र के मुताबिक महिला की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष बताई गई है और उसके दो बेटे हैं। पंचायत ने दावा किया कि महिला की पहले सुंदर सिंह से शादी हुई थी और सुंदर सिंह की मृत्यु अक्टूबर 2025 में हुई। इसी आधार पर परिवार ने 2024 के कथित विवाह प्रमाणपत्र और पत्नी होने के दावे पर सवाल उठाए हैं। परिवार और पंचायत ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होने तक शेर सिंह के नाम से संबंधित फंड या वेतन किसी खाते में जारी नहीं करने की मांग की है। सेना की ओर से इस विवाद पर प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

हादसे में बाइक से गिरने के कारण शेर सिंह को ज्यादा गंभीर चोटें आईं। शुरुआत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और हालत गंभीर होने पर पंचकूला स्थित आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान 20 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। घायल साइकिल सवार की शिकायत के बाद मामले में कार्रवाई शुरू की गई थी। शेर सिंह के परिवार में पिता लखविंद्र सिंह, माता सुखविंद्र, बड़े भाई गुरदीप और दो बहनें हैं। परिवार के अनुसार शेर सिंह वर्ष 2014 में सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने अहमदाबाद स्थित आर्मी बेस से ट्रेनिंग ली और बाद में 13 फील्ड रेजिमेंट रुड़की में पहली पोस्टिंग हुई। कंप्यूटर की जानकारी होने के कारण वह उत्तराखंड के ऋषिकेश रोड स्थित रायवाला में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। शेर सिंह के बड़े भाई गुरदीप के अनुसार 20 अक्टूबर की शाम आर्मी अस्पताल में शेर सिंह की मौत के समय गांव की राज रानी नामक महिला वहां पहुंची और खुद को उनकी पत्नी बताया। उसने कथित तौर पर वर्ष 2024 का मैरिज सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत किया। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर सेना ने शेर सिंह का पार्थिव शरीर महिला के हवाले कर दिया। परिवार का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद रिश्तेदारों और ग्रामीणों के साथ वे मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। इसके बाद महिला वहां से चली गई। बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई गुरदीप ने मुखाग्नि दी।

## अवैध संबंधों के शक में हिसार के न्योलीकलां में बड़ी वारदात

# आधी रात घर में घुसे प्रेमी व पत्नी पर पति ने पेट्रोल छिड़क लगाई आग, तीनों झुलसे

- फैक्टरी में काम करने के दौरान महिला की दोस्ती बिहार निवासी एक युवक से हो गई थी, पति को पता चलने पर छिड़ा विवाद, तीनों आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सदर क्षेत्र के गांव न्योलीकलां में बुधवार आधी रात कथित अवैध संबंधों को लेकर हुए विवाद के बाद पति, पत्नी और उसका प्रेमी गंभीर रूप से आग में झुलस गए। तीनों को गंभीर हालत में अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्योली कलां निवासी बलवान अपनी पत्नी मीरा और दो बच्चों के साथ गांव में रहता है। मीरा की जान पहचान बगला रोड स्थित एक फैक्ट्री में काम करने के दौरान मूल रूप से बिहार निवासी रघुबीर से हो गई। फैक्ट्री में काम करने के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गईं और इसकी भनक बलवान को भी लग चुकी थी। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात रघुबीर कथित तौर पर छिपकर मीरा के घर जा पहुंचा। उस वक्त बलवान भी घर पर ही था। घर के अंदर रघुबीर को अचानक देखकर दोनों के बीच तीखी कहासुनी और विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर बलवान ने कथित तौर पर अपनी पत्नी मीरा और उसके प्रेमी रघुबीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद जब बलवान वहां से भागने की कोशिश करने लगा, तो आग बुझाने या उसे पकड़ने के प्रयास में रघुबीर ने उसे दबोच लिया, जिसकी वजह से आग की लपटें बलवान तक भी पहुंच गईं और वह भी इसकी चपेट में आ गया।

इस हादसे में मीरा और रघुबीर के साथ-साथ खुद बलवान भी गंभीर रूप से झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों और आसपास के लोगों ने तुरंत तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते बलवान और मीरा को तुरंत अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जबकि रघुबीर को पहले हिसार नागरिक अस्पताल ले जाया गया था जहां से हालत गंभीर होने पर उसे भी अग्रोहा रेफर कर दिया गया। फिलहाल तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है और वे आईसीयू में उपचाराधीन हैं। सदर थाना प्रभारी अमित कुंडू ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल में भर्ती घायलों के बयान दर्ज करने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### लिव इन रिलेशन में रह रहे जोड़े ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहर, दोनों की मौत

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** शहर के आजाद नगर के पास बालसमंद ब्रांच नहर पर बुधवार देर शाम लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे एक युवक और युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार को उनका पोस्टमार्टम करवाया और मामले में इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, जहरीला पदार्थ निगलने के बाद दोनों को गंभीर हालत में तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिले के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, युवती की नाजुक हालत को देखते हुए उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां गुरुवार सुबह उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राहगीरों से सूचना मिलने पर आजाद नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी और दोनों को अस्पताल पहुंचाया था, लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने इस मामले में इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि, दोनों ने यह कदम किस वजह से उठाया, फिलहाल इसके स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### दिल्ली में कोचिंग में थे साथ

मृतक युवक की पहचान किरमारा गांव निवासी सचिन के रूप में हुई है, जो हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात था। वहीं, युवती की पहचान रोहतक निवासी मनीषा के रूप में हुई है, जो पहले से शादीशुदा थी और उसका 10 साल का एक बेटा भी है, जबकि उसका पति सेना में कार्यरत है। मृतक के भाई प्रवीण ने बताया कि सचिन दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग लेता था और करीब एक साल तक वहीं रहा था। उसी दौरान उसकी मुलाकात मनीषा से हुई और दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया, जिसके बाद वे हिसार आ गए और आजाद नगर के पास पिछले करीब छह महीने से लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे थे। इस दौरान परिवार का सचिन से कोई संपर्क नहीं था। अभी यह भी नहीं पता कि दोनों इन परिस्थितियों तक कैसे पहुंचे।

## इंसानों तुम तो इंसानियत रखो...


# 51 हजार के इनामी बंदर को पकड़कर मारे थप्पड़

- 30 लोगों को काट चुका है बंदर, एक बंदर को टंकी से नीचे फेंकने का भी वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलवल

हथीन एरिया में एक खूंखार बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया कि चेयरमैन प्रतिनिधि ने उन पर 51 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। इनाम की राशि के लालच में स्थानीय युवा और मंकी कैचर टीम ने हाथों में डंडे लेकर बंदर को पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया। 20 अक्टूबर को टीम ने एक बंदर पकड़ लिया। इसका गुरुवार को एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में टीम के एक मेंबर ने कंधे पर बंदर को लाद रखा है, वहीं आसपास के लोग इस बंदर पर थप्पड़ों की बरसात करते नजर आ रहे हैं। एक अन्य वीडियो में कुछ युवक बंदर को ऊंची पानी की टंकी से नीचे फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह अकेला बंदर 30 से ज्यादा लोगों को काटकर लहूलुहान कर चुका है। नगर पालिका ने बंदर पकड़ने का टेंडर तो निकाला है, लेकिन वो अभी तक पास नहीं हो सका। ऐसे में चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने अपने निजी कोष से ही 51 हजार का इनाम रख दिया।

### चेयरमैन प्रतिनिधि दे चुके 30 हजार का इनाम



हथीन नगर पालिका चेयरमैन रेणु लता के प्रतिनिधि सुमित राजपूत ने बंदरों को पकड़ने के लिए 51 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनका कहना है कि यह राशि उनके निजी कोष से दी जाएगी। अब तक सबसे ज्यादा लोगों को निशाना बनाने वाले तीन बंदरों को पकड़े जाने की जानकारी सामने आई है। निजी टीम स्थानीय लोगों की मदद से बंदरों को पकड़ रही है। अभी तक 30 हजार रुपये की इनामी राशि दे चुके हैं।

इधर, नगर पालिका सचिव देवेंद्र ने बताया कि अभी बंदर पकड़ने वाला टेंडर खुला नहीं है। पुरानी एजेंसी के लोगों को बुलाकर बंदर पकड़वाए जा रहे हैं। लोग खुद हाथों में डंडे लेकर घूम रहे हैं। ऐसे में किस-किस को रोका जा सकता है। लोगों में गुस्सा भरा हुआ है। अभी केवल काटने वाले बंदरों को पकड़ा जा रहा है। पूरे एरिया में 500 से भी अधिक बंदर हैं।

# कांगथली व पूंडरी से 70 पेटियों से 766 किलो 825 ग्राम अवैध पटाखे बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ तथा स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीमों ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखे बरामद किए हैं। डीएसपी सुशील प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एसआई पारस की टीम को गुप्त सूचना मिली कि इंद्रा कॉलोनी पूंडरी निवासी कमल अपने किराये के मकान में बिना लाइसेंस व परमिट के बिक्री के लिए अवैध पटाखे रखे हुए हैं। इस पर मकान पर दबिश दी गई। पटाखे मिलने पर पुलिस टीम ने उपकेंद्र पूंडरी के एलएफएम कश्मीर सिंह तथा एलएफएम दर्शन सिंह को मौके पर बुलाया। उनके द्वारा पेटियों की जांच करने पर 60 गत्ता पेटियां मिलीं जिनमें चट्टर-पट्टर पटाखे पाए गए।। सभी 60 पेटियों का वजन 458 किलो 725 ग्राम पाया गया।



पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

दूसरे मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ कैथल प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई ईशम सिंह की टीम को सूचना पर रजनी कॉलोनी कैथल निवासी राजेन्द्र कुमार जो सीवन क्षेत्र के कांगथली बस अड्डे पर सुमित किरयाना स्टोर के नाम से दुकान चलाता है, अपनी दुकान में पटाखे बेचने का काम करता है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दमकल केंद्र चीका के कार्यालय प्रभारी सतपाल कुमार को मौके पर बुलाया और उन्हें साथ लेकर दुकान के ऊपर बने कमरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान गत्ता पेटियों में पटाखे मिले। पुलिस ने कुल 10 गत्ता पेटियां व एक प्लास्टिक कट्टा बरामद किया। सभी पेटियों व कट्टे का वजन 308 किलो 100 ग्राम मिला। बता दें कि सितंबर व अक्टूबर माह के दौरान 10 मामलों में 21 आरोपी काबू किए जा चुके हैं, जबकि 3032 किलोग्राम अवैध पटाखे सामग्री व 588 पेटियां बरामद की गई हैं।

### 350 किलो पटाखे मिले

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने सीकरी गांव स्थित मदन के घर से 350.415 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखों से भरे कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से मदन निवासी गांव सीकरी फरीदाबाद को काबू किया है। उसके पास से कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला।

### अंबाला नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सस्पेंड

**अंबाला।** नगर परिषद अंबाला सदर के कार्यकारी अभियंता सुरेंदर सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। निविदा प्रक्रिया के दौरान अनुभव प्रमाणपत्र जारी करने में हुई तकनीकी गलती के कारण शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय निदेशालय, शहरी स्थानीय निकाय निर्धारित किया गया है। विभाग के अनुसार, छावनी में पीपीपी मोड पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य किया गया था। इस प्रोजेक्ट से जुड़ा काम फरीदाबाद की एक एजेंसी को सौंपा गया था। इसी एजेंसी को कार्य पूरा करने का प्रमाणपत्र जारी किया जाना था। बताया जा रहा है कि प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया के दौरान तकनीकी गलती हो गई थी। हालांकि, संबंधित अधिकारियों द्वारा उस गलती को तुरंत सुधार लिया गया था। इसके बावजूद, दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई थी और इसकी शिकायत की थी।

# शेड लगाते लोहे के पाइप तारों से टकराए, युवक व किशोर की मौत

- बेरोजगार युवक काम की तलाश में आया था, करंट लगने से दोनों नीचे गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ककरोई रोड स्थित देवनगर में दुकान की तीसरी मंजिल पर शेड लगाने का काम कर रहे युवक और किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। काम के दौरान लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। इससे दोनों करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए और नीचे गिर पड़े। हादसे में उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गांव लूम निवासी जाहिद (23) और गांव खेड़ी निवासी रिहान (15) की जान चली गई। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। दोनों के शव नागरिक अस्पताल में रखवाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, देवनगर में एक दुकान की तीसरी मंजिल पर शेड लगाने का काम चल रहा था। वीरवार दोपहर बाद जाहिद और रिहान लोहे के पाइप लगाने के साथ वेल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया। बिजली का करंट लगते ही दोनों बुरी तरह झुलस गए और ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

दुकानदार सतीश कुमार ने बताया कि दोनों मजदूरी का काम करते थे। उनमें से एक युवक काम की तलाश में उनके पास आया था, जिसके बाद दोनों को शेड लगाने के काम पर लगा दिया गया। काम के लिए एक दिन पहले ही सामान उपलब्ध करा दिया गया था। सतीश के अनुसार, वह खाना खाने के लिए नीचे आए हुए थे। इसी दौरान ऊपर से तेज आवाज सुनाई दी। वह तुरंत तीसरी मंजिल पर पहुंचे तो दोनों नीचे गिरे हुए मिले। सिटी थाना प्रभारी पंकज ने बताया कि परिजनों के बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### गली में झगड़ा होने पर युवक की पीट पीटकर हत्या

**गुरुग्राम।** निहाल कॉलोनी में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान प्यारेलाल (44) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले का रहने वाला था और सूरत नगर फेस-2 में रहता था। पिछले कई साल से गुरुग्राम में रहकर मजदूरी करता था। इन दिनों निहाल कॉलोनी में काम कर रहा था और काम पर जाने के लिए तैयार था। जब वह गली नंबर छह से गुजर रहा था तो दो लोगों से उसका झगड़ा हो गया। उन्होंने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे वह अचेत होकर गिर गया। सूचना मिलने पर बजघेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शवगृह भिजवाया। बजघेड़ा थाना प्रभारी सुनील का कहना है कि एक सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की पहचान हो गई है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास हो रहे हैं।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती बचाओ अभियान के तहत किया संवाद

# मिट्टी की जांच करवाकर करें प्राकृतिक खेती, लागत होगी कम : चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बृहस्पतिवार को खेत बचाओ अभियान के तहत तरावड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रगतिशील किसान विकास चौधरी के फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों के साथ खुलकर संवाद किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि भूमि का संरक्षण करना, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाना और किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना रहा। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसानों को रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करके प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इससे मिट्टी की सेहत सुधारने और जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि खेती केवल आज की पैदावार तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए कृषि भूमि को उपजाऊ बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। यदि मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहेगी, तभी भविष्य में भी किसान अच्छी पैदावार ले सकेंगे।



**करनाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते विधायक भगवान दास कबीरपंथी व अन्य।

### किसान ने बताया-शुरुआत में कम होती है उपज

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से सवाल-जवाब किए। शामली से पहुंचे एक किसान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से प्राकृतिक खेती कर रहा है। किसान के अनुसार, शुरुआत में प्राकृतिक खेती के कारण उसकी पैदावार में लगभग 30 प्रतिशत तक कमी आई, जबकि करीब 60 से 70 प्रतिशत उत्पादन प्राप्त हुआ। हालांकि, उसने उम्मीद जताई कि लगातार प्राकृतिक खेती करने से अगले दो-तीन वर्षों में जमीन की उर्वरा शक्ति में सुधार होगा और पैदावार में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को अपनी जमीन की मिट्टी की स्थिति के अनुसार ही खादों और अन्य कृषि संसाधनों का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए किसान अपने नजदीकी मृदा परीक्षण केंद्रों पर जाकर मिट्टी की जांच करवा सकते हैं। इस खेत बचाओ अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि भूमि के संरक्षण, मिट्टी की सेहत सुधारने और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

किसानों के साथ कार्यक्रम से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा किसान राम सिंह चौधरी के डेयरी फार्म पर पहुंचे। यहां विधायक भगवानदास कबीरपंथी और भाजपा नेताओं ने दोनों मंत्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कृषि मंत्रियों ने फार्म परिसर में पौधरोपण भी किया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी**

**सार्वजनिक सूचना / लावारिश शव की पहचान**

हुलिया – रंग गेहुआँ, गोल चेहरा, कद 5 फुट 4 इंच, शरीर पानी में डूबने के कारण फूला हुआ, दाहिने हाथ में लोहे का कड़ा पहने हुए, उम्र लगभग 55-60 साल, नग्न शरीर ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.10.2026 को धिकाड़ा पंप हाऊस, चरखी दादरी पर पानी में एक शव बरामद हुआ। उक्त अज्ञात शव की कोई पहचान नहीं हो सकी है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो अथवा इसकी पहचान करता हो, तो कृप्या तत्काल निम्नलिखित पते/फोन नंबर पर संपर्क करें।



पुलिस प्रवक्ता चरखी दादरी,
कृते पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी
SHO थाना सदर, चरखी दादरी 7419301105
HC ओमबीर, थाना सदर चरखी दादरी- 9729117222
पीआरडीएच-1084/11/5515/2027/50437/88/6 दि. 22.10.26

## खबर संक्षेप

### नोबेल के बाद अब पुलित्जर न मिलने से ट्रम्प हुए नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि



उन्हें लेखन के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिलना चाहिए था। ट्रम्प ने एक रैली में रूस से जुड़ी जांच की रिपोर्टिंग के लिए पुलित्जर जीतने वाले पत्रकारों की आलोचना की। साथ ही, कई युद्ध रुकवाने का श्रेय लेते हुए एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि पत्रकारों ने इस मामले में गलत रिपोर्टिंग की थी और उन्हें इसके लिए पुरस्कार नहीं मिलना चाहिए था।

### बंगाल में भाजपा समर्थक की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बुधवार शाम 35 साल के भाजपा समर्थक समीर घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के रामकेली इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने पहले धारदार हथियारों से हमला किया, फिर उन्हें दो गोलियां मारीं। हत्या के बाद दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जिसमें 6 लोग घायल हुए हैं।

## फायरिंग के बाद अब शेयर किया गया वीडियो

# 'लाल हाथ... छर्रे के निशान' टाइगर की टीम ने लिखा- 'भगवान दयालु है'

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में हुई फायरिंग की घटना के 4 दिन बाद अब उनकी टीम ने एक्टर के घायल हाथ का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर के हाथ पर चोट के लाल निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये चोट बारूद और कांच के टुकड़ों की वजह से लगी है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म स्टार टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर रविवार 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में फायरिंग हुई थी। एक्टर फुटबॉल क्लब से निकल रहे थे, तभी उन्हें कथित रूप से लारेंस ग्रुप के गुर्गों ने निशाना बनाया। इस घटना में टाइगर को गोली नहीं लगी, लेकिन बारूद और टूटे कांच के टुकड़ों से उनके हाथ में मामूली चोटें आईं। टाइगर श्रॉफ की टीम ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक्टर के हाथ पर छोटे-छोटे निशान और लाल दाग दिख रहे हैं। ये निशान गोली के छर्रों, बारूद और कांच के टुकड़ों से लगे हैं। वीडियो के साथ टीम ने कैप्शन में 'भगवान दयालु है' लिखा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस ने टाइगर की सलामती के लिए दुआएं कीं और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कई यूजर्स ने कमेंट कर भगवान का शुक्रिया अदा किया कि एक्टर इस बड़ी घटना से सुरक्षित बच गए।

**खास बातें**

- फैंस ने कमेंट में मांगी सलामती की दुआ
- रविवार को मुंबई के जुहू इलाके में हुई थी फायरिंग



### 10 गिरफ्तार आरोपियों में से 7 हरियाणा के

*सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के मामले में हरियाणा के युवकों की भूमिका लगातार सामने आ रही है। अब तक गिरफ्तार 10 आरोपियों में से 7 हरियाणा के हैं। इन सभी का सोनीपत से संबंध है। वहीं, विदेश में बैठकर साजिश रचने का आरोपी अनिल पंडित पानीपत का रहने वाला है। इनमें किसी ने एक्टर की रेकी की और वारदात के बाद भागने के रास्तों का पता लगाया तो किसी ने हथियार मुंबई तक पहुंचाए। मुंबई पुलिस और सोनीपत एसटीएफ के मुताबिक सोनीपत से गिरफ्तार समीर और नितिन फायरिंग करने वाले शूटरों के करीबी हैं। इनमें सोनीपत के फूल सिंह और रेहान के अलावा बिहार का ऋतिक शामिल हैं। नितिन पर शूटरों के लिए अमृतसर से हथियार लाने का आरोप है। फूल सिंह को नाबालिग बताया जा रहा था, लेकिन जांच में उसकी उम्र 18 साल निकली।*

## अहम खुलासा : फायरिंग से पहले अंधेरी के होटल में शूटर्स ने की थी प्रैक्टिस

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामले में जांच के दौरान एक और अहम खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने से पहले आरोपियों ने मुंबई के पास ही एक जगह पर बंदूक से गोली चलाने की प्रैक्टिस की थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को उस जगह की जानकारी दी है, जहां उन्होंने बंदूक की जांच करने के लिए फायरिंग की थी। सूत्रों के अनुसार, प्रैक्टिस के दौरान एक आरोपी ने दो गोलियां चलाईं, जबकि दूसरे आरोपी ने एक गोली चलाकर बंदूक की जांच की थी। आरोपी यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि बंदूक ठीक से काम कर रही है या नहीं. बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी प्रैक्टिस के दौरान गोली चलाने में सफल रहे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि अंधेरी के जिस होटल में आरोपी ठहरे हुए थे, वहां कमरे में बंदूक की जांच करते समय मिसफायर हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान गोली बेड पर चली थी। हालांकि, इस घटना के बावजूद होटल के किसी कर्मचारी या बाहर मौजूद किसी व्यक्ति को शक नहीं हुआ कि कमरे में गोली चली है।

### तीनों शूटर 31 तक पुलिस हिरासत में

कोटा से गिरफ्तार किए गए तीन शूटरों- रेहान उर्फ सुक्का, फूल सिंह और ऋतिक उर्फ रोशन को पुलिस मुंबई लाकर अदालत में पेश कर चुकी है। कोर्ट ने तीनों को 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है। इस मामले में अब तक कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## पीलीभीत, यूपी का मामला

# वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, दो एसडीएम और कंप्यूटर ऑपरेटर पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी



आलोक कुमार के मुताबिक, इस मामले में दो एसडीएम और एक कंप्यूटर ऑपरेटर समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में गड़बड़ी सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। चुनाव आयोग ने मामले की जांच के बाद जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### बीएनएस के तहत कार्रवाई के आरोप

मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक, पीलीभीत की वोटर लिस्ट में सामने आई गड़बड़ियों को तत्काल ठीक करने को कहा गया है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और वीआरसी ऑपरेटर को वोटर लिस्ट से जुड़े काम से हटाने के निर्देश भी दिए गए।

दरअसल, मामला पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट से जुड़ा है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को शिकायत मिली थी कि ऑनलाइन पोर्टल पर मतदाता पहचान पत्र यानी एपिक नंबर डालने पर किसी दूसरे वोटर का विवरण दिखाई दे रहा है।

### कांग्रेस ने लगाए थे बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप

कांग्रेस ने पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया था। पार्टी का दावा था कि 13,150 वोटर्स के नाम बदल दिए गए, जबकि उनके एपिक और क्रम संख्या वही रहे। कांग्रेस ने 884 वोटर्स के नाम हटाने और 2,600 ऐसे लोगों के नाम जोड़ने का भी आरोप लगाया था, जो कथित तौर पर उस इलाके में नहीं रहते।

# कुछ लोग विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे: मोदी

- कांग्रेस कब तक अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में पहुंचे। जहां उन्होंने थीम के तहत दुनिया की मौजूदा राजनीति, अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और दुनिया भर में भारत की भूमिका पर अपनी बात रखी। पीएम ने अपनी स्पीच की शुरुआत में कहा कि हमें दो बातों को समझना होगा। पुराना ग्लोबल ऑर्डर आज की चुनौतियों का समाधान क्यों नहीं दे पा रहा है, इस बदलती



दुनिया में भारत की भूमिका क्या है। पीएम ने देश के मौजूदा हालात पर कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी।

### पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधा

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। ये विदेशों में जाकर भारत के खिलाफ विद्रोह की अर्जी लगाते हैं। पता नहीं कांग्रेस कब तक अपने नेता को लॉन्च करती रहेगी।

# रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से हटाईं 70 फोटो, बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे और फोटोग्राफर रेहान वाड्रा की तस्वीरों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली के बीकानेर हाउस में 21 अक्टूबर से लगी रेहान की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। इनमें दिल्ली में हुए विरोध प्रदर्शनों की तस्वीरों सहित तिरंगा वाली कुछ तस्वीरें भी शामिल थीं। -रेहान ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनकी सोलो एग्जीबिशन 'नो आइडिया इज फाइनल' शुरू होने से कुछ घंटे पहले तस्वीरें हटाई गईं। प्रदर्शनी में पहले 100 से ज्यादा तस्वीरें थीं। अब करीब 40 बची हैं।



**सबकुछ पहले से किया गया था साझा :** रेहान ने बताया कि उनकी कलाकृतियों में वन्यजीव फोटोग्राफी, अमूर्त कला और भारत में हाल के युवा आंदोलनों से जुड़ी तस्वीरें शामिल थीं। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनी का विस्तृत प्रस्ताव और उसकी रूपरेखा काफी पहले ही बीकानेर हाउस प्रबंधन के साथ साझा कर दी गई थी।

### आयोजकों का स्पष्टीकरण

इस मामले में बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसाइटी ने सोसाइटी ने स्पष्ट किया है कि प्रदर्शनी में शामिल कुछ तस्वीरें उसकी निर्धारित नीति के अनुरूप नहीं थीं। इसी आधार पर संबंधित तस्वीरों को हटाने का अनुरोध किया गया था। वहीं, नीति के अनुरूप पाई गई तस्वीरों का प्रदर्शन अब भी जारी है।

### अभिव्यक्ति का है डर : प्रियंका

इस विवाद के बीच प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रेहान को टैग करते हुए उनका समर्थन किया। उन्होंने लिखा, 'जब कोई ताकतवर व्यक्ति दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है, तो उसे एहसास नहीं होता कि वह उस ताकत को पहले ही खो चुका है, जिसे बचाने की कोशिश कर रहा है।' प्रियंका ने आगे लिखा, 'तुम सच्चाई के साथ खड़े हो। हर खूबसूरत चीज अपना रास्ता खुद तुम्हारे पास ढूंढ लेगी।



# जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी, 5.57 गुना सब्सक्राइब

- दो दिन में 75 लाख से ज्यादा आवेदन, क्यूआईबी कैटेगरी 13 .29 गुना सब्सक्राइब
- एंकर सहित करीब 3 .73 लाख करोड़ की बोलियां, गैर-एंकर निवेशकों से 1 .23 लाख करोड़ की मांग
- रिटेल, कर्मचारी और शेयरहोल्डर समेत सभी प्रमुख कैटेगरी फुल, आवेदन के लिए सिर्फ एक दिन बाकी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। गुरुवार शाम 7 बजे तक जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का आईपीओ 5.57 गुना सब्सक्राइब हो गया। दो दिनों में आवेदनों की संख्या 75 लाख पार कर गई। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 13.29 गुना सब्सक्राइब हुई, जबकि रिटेल कैटेगरी भी 1.54 गुना भर गई।

जियो आईपीओ के पहले दिन कुल सब्सक्रिप्शन 3.16 गुना था, जो दूसरे दिन बढ़कर 5.57 गुना पहुंच गया। गैर-एंकर निवेशकों के लिए उपलब्ध 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 110 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आईं। इन बोलियों की कुल रकम करीब 1.23 लाख करोड़ रही। इससे पहले एंकर निवेशकों से भी करीब 2.50 लाख करोड़ की बोलियां मिली थीं। इस तरह एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब 3.73 लाख करोड़ पहुंच गई हैं। जियो आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) की कैटेगरी 5.97 गुना सब्सक्राइब हुई। रिलायंस के कर्मचारियों का कोटा 2.10 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 4.05 गुना भर गया। इस तरह आईपीओ की सभी प्रमुख कैटेगरी पूरी तरह सब्सक्राइब हो चुकी हैं।

दूसरे दिन खास तौर पर एनआईआई और रिलायंस शेयरहोल्डर कैटेगरी में मांग तेजी से बढ़ी। पहले दिन एनआईआई कैटेगरी 1.68 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 1.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। दूसरे दिन ये आंकड़े बढ़कर क्रमशः 5.97 और 4.05 गुना पहुंच गए।

जियो आईपीओ में निवेश के लिए अब सिर्फ एक दिन बाकी है। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को आवेदन की अंतिम तारीख है। आईपीओ कई गुना सब्सक्राइब होने के बावजूद निवेशकों के लिए आवेदन का मौका अभी खुला है। जो पात्र निवेशक अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे शुक्रवार तक आवेदन कर सकते हैं।




## अदाणी टोटल गैस का मुनाफा 3% बढ़ा

**नई दिल्ली।** अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 167 करोड़ रुपये रहा। सीएनजी और पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की बिक्री बढ़ने से गैस की लागत में तेज बढ़ोतरी का प्रभाव सीमित करने में मदद मिली। अदाणी समूह की कंपनी एटीजीएल ने बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 34% बढ़कर 2,102 करोड़ हो गया। इस दौरान सीएनजी की बिक्री मात्रा 17% और पीएनजी की बिक्री 3% बढ़ी। हालांकि, आलोच्य तिमाही में प्राकृतिक गैस की लागत 43% बढ़ गई। कंपनी ने इसकी वजह कच्चे तेल से जुड़ी ऊंची कीमतों, घरेलू गैस के लिए साझा मूल्य व्यवस्था के तहत मिलने वाले समर्थन की वापसी और पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संकट को बताया।

## स्विगी का शुद्ध घाटा घटकर 922 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने के सामान की डिलिवरी करने एवं 'क्विक कॉमर्स' कंपनी स्विगी का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा घटकर 922 करोड़ रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में स्विगी को 1,092 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 7,571 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5,561 करोड़ रुपये थी।

**सूचना**

मैं, बिमला यादव पत्नी श्री मनजीत सिंह निवासी म. नं. 1535, सेक्टर-2, हुडा, जिला रोहतक, हरियाणा-124001 बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पति का नाम मनजीत सिंह यादव है और मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम मनजीत सिंह है। मनजीत सिंह यादव व मनजीत सिंह दोनों ही मेरे पति के नाम है। भविष्य में मैं अपने पासपोर्ट में मेरे पति का नाम मनजीत सिंह यादव रखना चाहती हूं।

### सरकार ने नए फार्म में विसंगतियों को सुधारने का काम किया

# 1 नवंबर को सामने आएगा नया जीएसटी रिटर्न फॉर्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएसटी परिषद की बैठक के बाद अब कारोबारियों के लिए नया रिटर्न फॉर्म लाने की तैयारी है। सरकार ने नए फॉर्म में तमाम विसंगतियों को सुधारने का काम किया है। जीएसटी परिषद की बैठक में इन सुधारों के बारे में चर्चा भी हुई थी। बैठक में हुए फैसलों के बाद वित्त मंत्रालय ने एक नवंबर को संशोधित जीएसटी रिटर्न फॉर्म का मसौदा परामर्श के लिए 'एमवाईजीओवी.इन' (माईगॉव.इन) मंच पर जारी करने की बात कही है। इनमें जीएसटीआर-1 भी शामिल है, जिसमें कारोबारियों को अपनी बाहरी सप्लाई का ब्योरा देना होता है। केंद्र एवं राज्यों के वित्त मंत्रियों की अगुवाई वाली जीएसटी परिषद ने 8 अक्टूबर को 57वीं बैठक में जीएसटीआर-1/1ए/आईएफएफ फॉर्म के मसौदे को मंजूरी दी थी। संशोधित फॉर्म एक अप्रैल, 2027 से लागू होंगे लेकिन इसका मसौदा पहले ही जारी कर दिया जाएगा, ताकि हितधारक इस पर अपने सुझाव दे सकें।

**फॉर्म के मसौदे को 8 अक्टूबर की 57वीं बैठक में मंजूरी मिली थी**

### फॉर्म में क्या-क्या होंगे बदलाव

जीएसटी रिटर्न फॉर्म इनवॉइस प्रस्तुत करने की सुविधा (आईएफएफ), जीएसटी की तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान (क्यूआरएमपी) योजना के तहत करदाताओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला एक वैकल्पिक मासिक विवरण है। जीएसटीआर-1 बिक्री का मासिक 'इनवॉइस या बिल आधारित रिटर्न' है, जबकि जीएसटीआर-1ए एक संशोधन विवरण है, जो करदाताओं को अपना मासिक जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने से पहले गलतियों को सुधारने या छूटे हुए बिलों का ब्योरा जोड़ने की अनुमति देता है।

### क्या है सीबीआईसी की तैयारी

सीबीआईसी के जीएसटी नीति प्रभाग के आयुक्त गौरव सिंह ने बताया कि फिलहाल माल एवं सेवा कर में एक बड़ी समस्या रिटर्न (कर वापसी) के ब्योरे में विसंगति है और करीब 80 फीसदी नोटिस ऐसी विसंगतियों के कारण जारी किए जाते हैं। कारोबारी वर्तमान में जीएसटीआर-3बी में बदलाव या संशोधन कर सकते हैं। यह स्व-घोषित रिटर्न और मासिक टैक्स भुगतान फॉर्म हैं। इससे जीएसटीआर-1 के साथ ब्योरे में विसंगति पैदा होती है। सिंह ने बताया कि कारोबारी जीएसटीआर-3बी में बदलाव क्यों करते हैं।

## सोना 1,000 रुपये टूटा, चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी 5,900 रुपये टूटकर 10 महीने के निचले स्तर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।



अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। यह चांदी का 10 महीने से अधिक का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले चांदी 18 दिसंबर, 2025 को 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच बाजार की धारणा पर दबाव बने रहने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही।''

### वैश्विक बाजार में चांदी 4% टूटी


वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव करीब 1.7 प्रतिशत गिरकर 4,072.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस तरह पीली धातु में 68.98 डॉलर की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। वहीं, चांदी का हाजिर भाव वैश्विक बाजार में करीब चार प्रतिशत टूटकर 55.72 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 460 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 460 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 124 अंक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल के दाम चढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बिजली और आईटी शेयरों समेत चौतरफा बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 460.30 अंक गिरावट के साथ 73,249.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक तक टूटकर 73,005.11 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। निफ्टी भी 123.70 अंक गिरावट के साथ 22,687.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। इससे महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। रुपये में भी तेजी का रुख जाता रहा और कारोबार के दौरान यह लगातार कमजोर होता गया, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।



## ओएनजीसी के चेयरमैन होंगे सुनील कुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के कार्यकारी निदेशक (ईडी) सुनील कुमार को कंपनी का चेयरमैन नियुक्त किया है। इसके साथ ही वह कंपनी के इतिहास में कार्यकारी निदेशक के पद से सीधे शीर्ष पद पर पहुंचने वाले पहले अधिकारी बन गए हैं। नियुक्ति संबंधी फैसले के अनुसार, कुमार अरुण कुमार सिंह का स्थान लेंगे जिनका विस्तारित कार्यकाल छह दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यह नियुक्ति कई चरणों वाली चयन प्रक्रिया के बाद हुई है। इसमें खोज-सह-चयन समिति ने दो दौर के साक्षात्कार के बाद कुमार के नाम की सिफारिश की थी। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार, फिलहाल ओएनजीसी की मेहसाणा परिसंपत्ति के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत 58 वर्षीय कुमार को कंपनी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।



## बीते वित्त वर्ष में देश में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में तांबे की मांग बीते वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 2,100 किलो टन हो गई। बुनियादी ढांचा, वाहन और भवन एवं निर्माण क्षेत्रों में मजबूत मांग से इसमें वृद्धि हुई। इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीए इंडिया) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में तांबे की मांग 1,878 किलो टन रही थी। आईसीए इंडिया के जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी, जो इस दौरान देश की 7.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में तांबे की मांग में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मांग में वृद्धि की प्रमुख वजह बुनियादी ढांचा, वाहन और भवन एवं निर्माण क्षेत्र रहे। इन क्षेत्रों में बिजली के तार एवं केबल, ट्रांसफार्मर, मोटर, वाहन की वायरिंग और अन्य विद्युत एवं औद्योगिक शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचा क्षेत्र तांबे की अतिरिक्त मांग बढ़ाने वाला सबसे बड़ा कारक रहा। देश में तांबे की कुल मांग में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले इस क्षेत्र में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाहन क्षेत्र में भी वित्त वर्ष 2024-25 की धीमी वृद्धि के बाद सुधार देखा गया। यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर की बिक्री बढ़ने से इस क्षेत्र में तांबे की मांग 14 प्रतिशत बढ़ी।

## पीसी ज्वेलर्स के लाभ में 58% की वृद्धि




**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 58 प्रतिशत बढ़कर 330.66 करोड़ रुपये हो गया। बिक्री बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 209.54 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 28 प्रतिशत बढ़कर 1,054.47 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 825.25 करोड़ रुपये थी। हालांकि, इस दौरान कंपनी का खर्च बढ़कर 759.42 करोड़ रुपये हो गया। जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 688.85 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा, 'इस तिमाही की एक प्रमुख उपलब्धि यह रही कि सभी 14 बैंक समूहों का बकाया चुकाने के बाद कंपनी कर्ज मुक्त हो गई। उसने यह भुगतान निर्धारित समय से पहले पूरा किया गया।'

**नीलामी सूचना**

विषयाधीन केस में कलैक्टर सोनीपत के आदेशानुसार फरीद हसन उर्फ फरीदा पुत्र अफलातुन निवासी गांव थरया तहसील व जिला सोनीपत की भूमि मुताबिक जमाबंदी साल 2022-23 खेवट न. 249 रकबा 01 मरला 06 सरसाई गांव थरया तहसील व जिला सोनीपत को दिनांक 02.11.2026 को बदले मु. 50,000/- में खुली नीलामी द्वारा नीलाम किया जाना है। नीलामी की शर्तें मौके पर बता दी जाएगी या बोलीदाता तहसील सोनीपत की टी.आर.ए. शाखा Ground Floor कमरा नं.-03 में सम्पर्क कर सकता है।
Contact-9466387844, 9416411934
हस्ता/- तहसीलदार, सोनीपत

**दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक**

सूचना

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के वर्ष 2026-27 के लिए बैंक की सभी 26 शाखाएं, 3 विस्तार पटल एवं मुख्यालय के आंतरिक एवं पूर्व लेखापरीक्षा (Internal and Pre-Audit) करवाने के लिए रोहतक शहर की सभी सी.ए. फर्मों को दर सूची उपलब्ध करवाने बारे आमंत्रित किया जाता है। इसलिए इच्छुक सी.ए. फर्में दिनांक 30.10.2026 तक प्रति शाखा दर सूची दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के दिल्ली रोड स्थित मुख्यालय में भेजने का कष्ट करें।
हस्ता/-महाप्रबंधक
दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि.
रोहतक।

**उत्तर रेलवे**

Corrigendum-1

निविदा संख्या: NR-Proj-UMB-293-Leftov-03, अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड में OHE में संशोधन और पंजकोसी/SSP का निर्माण; और फिरोजपुर मंडल के लोहियां खास–फिल्लौर खंड में नकोदर/TSS में अतिरिक्ति/ संशोधन कार्य के लिए, निविदा (टेंडर) 10.11.2026 को 15:30 बजे खोली जानी थी। संशोधित विवरण इस प्रकार हैं:

| | |
|---|---|
| Tender No. | NR-Proj-UMB-293-Leftov-03 |
| Tender title | अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड में OHE में संशोधन और पंजकोसी/SSP का निर्माण; और फिरोजपुर मंडल के लोहियां खास–फिल्लौर खंड में नकोदर/TSS में अतिरिक्ति/ संशोधन कार्य। |
| App. Cost (Rs.) | Rs. 1.67 Cr. |
| Bid Security (Rs.) | Rs. 3,34,300 |
| Completion Period (Months) | 18 Months |
| Cost of Tender Document (Rs.) | Nil |
| Date of Closing | 10.11.2026, 15:30 Hrs. |

अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
सं.: NR/Proj/UMB/Advt./17 दिनांक: 21.10.2026 3681/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

OFFICE OF PRINCIPAL, CENTRE OF COOPERATIVE MANAGEMENT,
OLD CHARA MANDI, KACHCHA BERI ROAD, ROHTAK.
Phone No. 01262-236275, E-mail pccmrtk@yahoo.com

प्रवेश सूचना

सहकारी प्रबन्ध केन्द्र, रोहतक ने केवल हरियाणा राज्य में रहने वाले निजी छात्रों के लिए दिनांक 25.11.2026 से 13.04.2027 तक 60वें सत्र के लिए सहकारी प्रबन्धन में डिप्लोमा (Diploma in Cooperative Management) के प्रारंभ की घोषणा की है (केवल 10 सीटें)। पाठ्यक्रम की अवधिः 20 सप्ताह (25.11.2026 से 13.04.2027)
आयु सीमाः 18 से 40 वर्ष
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 23.11.2026
प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।
1. योग्यताः स्नातक
2. शुल्कः 6000/-
आप प्रशिक्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए कार्य दिवस में व्यक्तिगत रूप से या इस कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01262-236275 से सम्पर्क कर सकते हैं।
हस्ता/-(सतीश कुमार) प्रधानाचार्य
सहकारी प्रबन्ध केन्द्र रोहतक
पीआरडीएच-1299/11/50/2027/50455/88/6 दि. 22.10.26

## राशिफल

**मेष** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर 2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### गूगल एवं मैकिंजे की नई रिपोर्ट में खुलासा

## बीमा उत्पादों का 80 फीसदी हिस्सा ऑनलाइन से जुड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पाद खरीदने की प्रक्रिया का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा अब ऑनलाइन माध्यम से जुड़ा है और इंटरनेट पर जुटाई गई जानकारी का बीमा की 40 प्रतिशत बिक्री पर सीधा असर पड़ता है। गूगल और मैकिंजे एंड कंपनी की एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'डिकोडिंग द डीआईसीए कंज्यूमर' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे ग्राहकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जो इंटरनेट पर बीमा योजनाओं की जानकारी जुटाते हैं, विकल्पों की तुलना करते हैं और फिर अपनी पसंद की पुष्टि के लिए बीमा सलाहकार से संपर्क करते हैं। इन्हें 'डिजिटली इन्फ्लूएंस्ड, क्लोज्ड विद असिस्टेंस' (डीआईसीए) यानी ऑनलाइन जानकारी से प्रभावित होकर सलाहकार की मदद से बीमा खरीदने वाले ग्राहक कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे ग्राहकों की संख्या केवल डिजिटल माध्यम से बीमा खरीदने वालों की तुलना में चार गुना है। आधे से अधिक ग्राहक सलाहकार से बातचीत करने के बाद भी बीमा कंपनियों की उसी सूची पर कायम रहते हैं, जिसे उन्होंने ऑनलाइन शोध के दौरान चुना था। गूगल इंडिया के निदेशक सिद्धार्थ शेखर ने कहा कि बीमा खरीदने में इंटरनेट और बीमा सलाहकार, दोनों की अहम भूमिका है।




**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | माल गोदाम रोड, वार्ड नं. 18, एम.सी. रोहतक में गेट का निर्माण + 2 कार्य। | 21.10.2026 28.10.2026 | 14,67,877/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50428/I/88/6 दि. 22.10.26

## शब्द पहेली - 6386



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6385 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | ब | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | व | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

## खबर संक्षेप

### सोना गलाने वाली भट्टी में विस्फोट, दो की मौत

**जयपुर।** जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर सोना गलाने वाली भट्टी में विस्फोट होने के बाद आग लग जाने पर दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलों में दो की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब एक बजे 'आइडियल फिरकल सर्विसेज लिमिटेड' नामक फैक्टरी में हुआ, जहां सोने की चेन बनाने का काम होता है।

### एसआईटी ने घटनास्थल का दौरा कर जांच शुरू की

**कोलकाता।** कोलकाता भगदड़ मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बृहस्पतिवार को दुर्गा पूजा पंडाल में घटनास्थल का निरीक्षण किया। उत्तरी कोलकाता के चारबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार को हुई भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी के साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी मौजूद थे। एसआईटी के सदस्य घटनास्थल पर करीब 15 मिनट तक रहे तथा इस दौरान उन्होंने पुलिस और फॉरेंसिक अधिकारियों से बातचीत की।

### नीलगिरि में एक और बाघ पिंजरे में किया गया कैद

**उधगमंडलम ।** नीलगिरि जिले के गुडलूर में वन विभाग ने गुरुवार सुबह एक नर बाघ को पिंजरे में कैद कर लिया। इस इलाके में इंसानों पर हमला करने वाले एक अन्य बाघ को पकड़े जाने के कुछ हफ्तों बाद यह दूसरा वाकया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नौ और 21 अगस्त की घटनाओं के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। तब गुडलूर के पास ओ-वैली-लॉरिस्टन क्षेत्र में एक बाघ ने हमला करके दो लोगों की जान ले ली थी।

### मुझे चुप कराने की साजिश रची जा रही है: जरांगे

**जालना/मुंबई।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें चुप कराने और उनके आंदोलन को कमजोर करने की साजिश रची गई है। जरांगे ने एक वायरल ऑडियो क्लिप की जांच की मांग की, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के माध्यम से उन्हें 500 करोड़ रुपये दिए गए।

### छत्तीसगढ़ में पेड़ से टकराई बस, 6 मरे

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास भीषण दुर्घटना में 6 यात्रियों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। मनेंद्रगढ़ से केल्हारी की ओर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य आरंभ कर दिया।



### दिल्ली में दोसांझ के संगीत कार्यक्रम को अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों और त्योहारों के मौसम का हवाला देते हुए 30 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के प्रस्तावित संगीत कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

### संसद का सत्रावसान नहीं हुआ तो बुलाई जा सकती है बैठक

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा परिसीमन से जुड़े महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए संसद का विस्तारित सत्र बुलाए जाने की अटकलों के बीच एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सत्रावसान नहीं होने की स्थिति में ऐसी बैठक महज दो दिन के नोटिस पर बुलाई जा सकती है। दोनों सदनों की बैठक बीते 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के बावजूद मानसून सत्र का अब तक सत्रावसान नहीं हुआ है। ऐसी अटकलें हैं कि सरकार महिला आरक्षण कानून में संशोधन पारित कराने के लिए संसद की विशेष सत्र या विस्तारित बैठक बुला सकती है।

# लुधियाना के मशहूर पंडित कुलचे वाले के बेटे की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में दोस्त की बर्थडे पार्टी में शुरू हुई कहासुनी का अंत एक युवक की मौत के साथ हुआ। मशहूर 'पंडित छोले-कुलचे वाले' के 34 वर्षीय बेटे राहुल शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि पार्टी में मौजूद कुछ युवकों से राहुल की कहासुनी हो गई थी। इसी कहासुनी के दौरान राहुल पर पिस्टल से दो गोलियां दागी गईं। एक गोली उसकी छाती और दूसरी पीठ में लगी। गंभीर रूप से घायल राहुल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

### जन्मदिन पार्टी में हुआ मामूली विवाद

बुधवार रात राहुल शर्मा अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर पक्खोवाल रोड स्थित तलवार कॉलोनी में अपने दोस्त अखिल जोशी के घर बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। पार्टी में करीब 8 से 10 युवक मौजूद थे। सभी केक काटने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान राहुल और कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। शुरुआत में कहासुनी के तौर पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते बढ़ता चला गया। इसी दौरान कुछ युवकों ने पिस्टल निकाल ली और राहुल पर फायरिंग कर दी। राहुल को दो गोलियां लगीं। गोलियां चलते ही पार्टी में मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया।



राहुल की छाती व पीठ में दो गोलियां उतार दीं



*वाराणसी में वायु सेना के एयर शो 'विंग्स ओवर गंगा' का आगाज*

# हेलीकॉप्टर्स ने गंगा के ऊपर दिल बनाया, आसमान से फूल बरसाए

भाषा ▶▶ वाराणसी (उप्र)

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एयर शो 'विंग्स ओवर गंगा' बृहस्पतिवार को यहां नमो घाट पर शुरू हुआ। इसमें राफेल, सुखोई-30एमकेआई, तेजस समेत लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों ने गंगा के ऊपर हवाई करतब दिखाए। हेलिकॉप्टर्स ने गंगा के ऊपर दिल बनाया,आसमान से फूल बरसाए। वायु सेना की सेवा के 94 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम को देखने के लिए घाटों पर बड़ी संख्या में लोग जुटे। अधिकारियों के अनुसार, एयर शो में देश के 12 एयर बेस से आए कुल 100 विमान हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 52 लड़ाकू विमान, 15 परिवहन विमान, 32 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल हैं।

### 25 को कार्यक्रम में पीएम मोदी होंगे शामिल



सूर्य किरण एरोबैटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम और वायु सेना के गरुड़ कमांडो भी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। 'काशी फॉर्मेशन' में तीन किरण विमानों ने 'वी' आकार में उड़ान भरकर राष्ट्रीय ध्वज के रंगों का प्रदर्शन किया, जबकि 'ओंकार फॉर्मेशन' में एमआई-17 हेलीकॉप्टरों ने तिरंगा लेकर उड़ान भरी। 'त्रिदेव फॉर्मेशन' में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने एक साथ उड़ान भरी। बृहस्पतिवार को प्रदर्शन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और दो बजे समाप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 अक्टूबर को कार्यक्रम में शामिल होंगे। एयर शो 22, 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। विधान परिषद चुनाव के कारण 23 अक्टूबर को कोई प्रदर्शन नहीं होगा।

## अमित शाह का राहुल गांधी पर तंज

# प्रदर्शन-धरने से कुछ नहीं होगा, जनता के बीच जाएं

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन और धरने से कुछ हासिल नहीं होता। चुनाव जीतना है तो जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझनी होंगी और कल्याणकारी योजनाओं पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि विपक्ष राजनीतिक चालबाजी और भीड़ के दम पर जनता के जनादेश को चुनौती नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी नकारात्मक राजनीति के कारण अगले 30 साल तक सत्ता में नहीं आ पाएगी। शाह दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन से जुड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड की 8,941 करोड़ रुपये की 33 परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने संकल्प लिया कि भाजपा सरकार मई 2029 तक दिल्ली में यमुना की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित करेगी।

### यमुना सफाई के लिए 43 परियोजनाओं की शुरुआत की



### भाजपा सरकार मई 2029 से पहले यमुना को साफ कर देगी

शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं यमुना नदी की सफाई की रीढ़ की तरह हैं। केंद्र, दिल्ली सरकार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा, ये 'चार इंजन' जनता को स्वच्छ यमुना और पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। शुरू की गई परियोजनाओं में ओखला में एक नया सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी), 29 विकेंद्रीकृत सीवेज शोधन संयंत्र (डीएसटीपी) और नई सीवर लाइन शामिल हैं। इसका उद्घाटन नजफगढ़ में हुआ। शाह ने कहा कि पिछली सरकारें केवल बहाने बनाती थीं, लेकिन अब वर्तमान भाजपा सरकार मई 2029 से पहले यमुना को साफ कर देगी। योजना तीन साल में हर घर में सीवर कनेक्शन और पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने की है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और जल मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे।

# राहुल गांधी गद्दारों के सरदार अराजकता फैला रहे : भाजपा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फ्रांस में हुए दंगों और भारत में हालिया विरोध-प्रदर्शनों के बीच कथित संबंधों वाली एक मीडिया रिपोर्ट का बृहस्पतिवार को हवाला देते हुए दावा किया कि इससे कांग्रेस की ₹अराजकता और सत्ता परिवर्तन की साजिश₹ उजागर होती है। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गद्दार' करार दिया।

पलटवार करते हुए कांग्रेस ने दावा किया कि कथित 'वोट चोरी' को लेकर व्यापक जनाक्रोश के बीच भाजपा 'हताशा और घबराहट' में लोगों का मुद्दों से ध्यान भटकाने और झूठ फैलाने की कोशिश कर रही है। एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित एक खबर के अनुसार, 'फॉक्स न्यूज' की पड़ताल में फ्रांस में दंगों और सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर भारत में हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच कथित संबंधों का पता चलने का दावा किया गया है। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के सामने अराजकता और 'गद्दारी' का मॉडल पेश कर रहे हैं।



### हताशा और घबराहट में ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा प्रधानमंत्री का पूरा तंत्रः जयराम रमेश



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का 'पूरा तंत्र' हताशा और घबराहट में लोगों का ध्यान भटकाने तथा 'असल मुद्दों' से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है लेकिन सफल नहीं होगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि "झूठ फैलाना' प्रधानमंत्री के तंत्र के डीएनए में है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री का पूरा तंत्र अब हताशा और घबराहट में लोगों का ध्यान भटकाने और असल मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए वह वही कर रहा है जो उसके डीएनए में है, झूठ फैलाना।"

### वोट चोरी को लेकर इंडिया गठबंधन की ऑनलाइन बैठक स्थगित

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए प्रस्तावित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं की ऑनलाइन बैठक स्थगित कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक बृहस्पतिवार शाम को होनी थी, जिसमें 'वोट चोरी' के मुद्दे पर प्रदर्शनों की रूपरेखा और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे के लिए दबाव बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाना था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को बैठक की अध्यक्षता करनी थी। बैठक में एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली की तैयारियों की समीक्षा की जानी थी। सूत्रों के मुताबिक, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को बैठक में प्रदर्शनों की रूपरेखा तैयार करने, एक नवंबर की रैली की तैयारियों की समीक्षा करने और 'वोट चोरी' के मुद्दे पर सरकार को घेरने के तरीकों पर मंथन करना था। सूत्रों ने बताया कि कुछ विपक्षी नेताओं के व्यस्त कार्यक्रम के चलते बैठक को स्थगित किया गया है।

### सोनिया पहली बार सोशल मीडिया पर, इंस्टाग्राम पर बनाया अकाउंट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को पहली बार अपना इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया। उन्होंने अपनी पहली पोस्ट में आने वाली किताब का वीडियो शेयर किया। यह किताब 10 नवंबर को लॉन्च होगी।



सोनिया ने पहली पोस्ट गुरुवार सुबह 9 बजे की थी। इसमें लिखा कि नमस्कार, 'मैं अपनी किताब आप सभी के साथ साझा करके खुश हूं। यह प्यार, कर्तव्य, अपनों को खोने और अपनेपन की जगह तलाशने की कहानी है। मैं इसे आप सबके साथ साझा करने के लिए उत्सुक हूं।' वीडियो में सोनिया अपने करीबियों और बेटी प्रियंका गांधी के साथ नजर आ रही हैं। इस दौरान प्रियंका ने मां को मिठाई भी खिलाई।

## संबलपुर मंडल में 'विशेष अभियान 6.0' के अंतर्गत 'रेल जन संवाद'



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल ने 'विशेष अभियान 6.0' के तहत 22 अक्टूबर, 2026 को मंडल के सभी स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' (यात्री संपर्क कार्यक्रम) का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य रेल उपयोगकर्ताओं के साथ सीधे संवाद के माध्यम से यात्रियों की भागीदारी को मजबूत करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना था। कार्यक्रम के दौरान, यात्रियों को स्टेशन की सुविधाओं, रेलवे परिसर और ट्रेनों की साफ-सफाई, सुरक्षा उपायों और समग्र सेवा वितरण के संबंध में अपने अनुभव, सुझाव और प्रतिक्रिया (फीडबैक) साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### तमिलनाडु में भारी बारिश से वाहन और घर के जरूरी सामान डूबा

**चेन्नई (भाषा)।** उत्तर-पूर्वी मानसून की सक्रियता के कारण तमिलनाडु के कई हिस्सों में लगातार बारिश होने से जलाशयों में पानी का स्तर तेजी से बढ़ा है और कई स्थानों पर पानी भर गया है। रात भर हुई भारी बारिश के कारण चेन्नई के कुछ हिस्सों और दक्षिणी जिलों में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है। कन्याकुमारी जिले में लगातार भारी बारिश से कोल्लमकोड नगरपालिका क्षेत्र प्रभावित हुआ है। कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जलजमाव के कारण कई इलाकों में वाहन और घर के जरूरी सामान डूब गए या खराब हो गए। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नगर निकाय के कर्मचारी घरों से पानी निकालने में जुटे हैं।

### आंध्र प्रदेश में एसयूवी की चपेट में आने से चार श्रद्धालुओं की मौत

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) (भाषा)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सड़क किनारे चाय पी रहे श्रद्धालुओं को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विजयनगरम जिले के डेंकाडा गांव के श्रद्धालु कनक दुर्गा मंदिर के दर्शन के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे और उन्होंने सुबह करीब 5:40 बजे कट्टिपुडी जंक्शन के पास रविकिम्पाडु सेंटर पर अपनी बस रोकी थी। अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भवानी माला पहन रखी थी।

### आंध्र प्रदेश में निकाय चुनाव नामांकन के दौरान हिंसा, कई गाड़ियां भी जलाईं

**चंद्रगिरि (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में स्थानीय निकाय चुनाव के नामांकन के दौरान गुरुवार को हिंसा हुई। सत्तारूढ़ टीडीपी और विपक्षी वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ताओं में झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। तिरुपति जिले के चंद्रगिरि में झड़प के बाद दोनों गुटों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। राज्य में कई विपक्षी नेताओं को नजरबंद किया गया। बढ़ते तनाव के बीच पुलिस ने नेताओं को नोटिस दिए और अतिरिक्त जवान तैनात किए। कडप्पा जिले के नंदलूर में एमपीपी सीट को लेकर झड़प हुई। एक कार जला दी गई और पुलिसकर्मी घायल हुए।

# तृणमूल के बागी सांसदों का जवाब मिलने पर प्रक्रिया के तहत होगी कार्रवाई :बिरला

- बोले-वह चाहते हैं कि मामले में पारदर्शी तरीके से कार्रवाई हो

**नई दिल्ली।** लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल से बगावत कर 'नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया' में विलय करने वाले 20 सांसदों के मामले को लेकर कहा कि संबंधित सदस्यों का जवाब मिलने के बाद वह संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई करेंगे। सांसदों से जवाब मांगा गया है और जैसे ही जवाब मिलेंगे, मामले में कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।



### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव आने पर नियम-प्रक्रियाओं से होगा फैसला: बिरला

एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के आरोप में विपक्ष के निशाने पर बने हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को दो टूक अंदाज में कहा कि अगर विपक्ष सीईसी को उनके पद से हटाने के लिए महाभियोग का पुन: कोई नया प्रस्ताव लाएगा। तो उस पर संसदीय नियम-प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाएगा।


हरियाणा सरकार
Vita
THE HISAR JIND COOP. MILK PRODUCERS UNION LTD
An ISO 9001:2015 and ISO 22000:2018 Certified Unit

वीटा मिल्क बूथों का आवंटन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वीटा दूध एवं दूध उत्पादों की बिक्री के लिए मिल्क प्लांट जींद द्वारा निम्नलिखित स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत वीटा मिल्क बूथ आवंटित किए जाएंगे।

| क्र. स. | बूथ का स्थान | आरक्षित श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | बापौली अनाज मंडी | शारीरिक रूप से विकलांग |
| 2 | बरवाला अनाज मंडी | महिला / युद्ध विधवा |
| 3 | इसराना अनाज / सब्जी मंडी | पिछड़ा वर्ग (BC) |
| 4 | इसराना राजकीय महाविद्यालय | दुग्ध उत्पादकों के आश्रित |
| 5 | मतलौडा अनाज मंडी | स्वयं सहायता समूह (महिला) |
| 6 | ऑटो मार्किट, फेज – 3 गेट के पास | अनुसूचित जाति (SC) |
| 7 | बालसमंद रोड पर एच.ए.यू. गेट के पहले | पिछड़ा वर्ग (BC) |
| 8 | सेक्टर 9 एवं 11 मुख्य मार्किट की पार्किंग में | दुग्ध उत्पादकों के आश्रित |
| 9 | जलेबी चौक से पहले, पार्क के पास वाली सड़क | रक्षा बलों के पूर्व सैनिक |
| 10 | सेक्टर 14, मुख्य सड़क पर पुलिस चौकी के पास | स्वयं सहायता समूह (महिला) |
| 11 | जगजीवन नगर, नगर सुधार मंडल के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर | स्वयं सहायता समूह (महिला) |
| 12 | सेक्टर 15 ए कैमरी रोड पर रॉयल बार के पास मुख्य मार्किट | सामान्य |
| 13 | जिंदल चौक, एच पी पेट्रोल पंप के साथ | सामान्य |
| 14 | सेक्टर 16 एवं 17 मुख्य मार्किट की पार्किंग में | सामान्य |
| 15 | मिल रोड की दुकानों के पास | महिला / युद्ध विधवा |
| 16 | कैमरी रोड पर, जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर लेबर शेड के पास | अनुसूचित जाति (SC) |
| 17 | राजगढ़ रोड पर गांव गंगवा के पशु चिकित्सालय के बाहर | पिछड़ा वर्ग (BC) |
| 18 | सातरोड़ स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के बाहर | रक्षा बलों के पूर्व सैनिक |
| 19 | गांव सातरोड़ में लड़कियों के स्कूल के बाहर | स्वयं सहायता समूह (महिला) |
| 20 | पी.एल.ए मुख्य मार्किट, एसपी रेजिडेंस रोड की पार्किंग | स्वयं सहायता समूह (महिला) |
| 21 | जनता पार्क में, निरंकारी भवन के सामने, छोटू राम कॉलोनी | सामान्य |
| 22 | टोहाना, पुरानी अदालत के मुख्य द्वार पर | सामान्य |

इच्छुक व्यक्ति बिक्री/विपणन विभाग, वीटा मिल्क प्लांट जींद से आवेदन-पत्र (जिसका मूल्य 500 रुपये है) प्राप्त कर, निर्धारित शुल्क, सुरक्षा राशि (5000 रुपये) एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित THE HISAR JIND COOPERATIVE MILK PRODUCERS UNION LIMITED के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन-पत्र, विस्तृत नियम एवं शर्तें, बूथ साइटों का आरक्षण तथा आवेदन शुल्क संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए QR कोड स्कैन करें। www.vita.haryana.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.11.2026 सायं 04:00 बजे तक है।

अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताए यह आवंटन प्रक्रिया रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।




नोट:-
- उपरोक्त सभी मिल्क बूथ साइटों के लिए संबंधित विभाग से जगह लेने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। यदि संबंधित विभाग से बूथ हेतु साइट प्राप्त नहीं होती अथवा साइट अनुपयुक्त पाई जाती है, तो इंटरव्यू नहीं लिया जाएगा तथा जमा सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी। यदि इंटरव्यू के उपरांत किसी कारणवश साइट रद्द हो जाती है अथवा अनुपलब्ध हो जाती है, तो मिल्क प्लांट जींद बूथ आवंटन हेतु बाध्य नहीं होगा तथा जमा सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी। प्रार्थी इस संबंध में कोई दावा प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।
- क्रमांक 09 एवं 18 की साइट के लिए दूध का आवंटन Directorate Resettlement Zone, West (DRZW), चंडीमंदिर द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार को किया जाएगा।
- क्रमांक 01 से 05 के बूथों पर आरक्षित श्रेणी का कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने पर दूसरी श्रेणी के आवेदकों के फॉर्म भी मान्य होंगे।
- किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री वीरेन्द्र सिंह (9996599440)
  श्री नविश कुमार (9034352483)

QR कोड स्कैन करें

VITA MILK PLANT NEW HANSI ROAD PATIALA CHOWK JIND-126102
PHONE NO. 01681-225776, 225772, 9896476401 | EMAIL: vitajind@gmail.com

चिंतन

# कुछ तो गंभीर चल रहा है सावधानी रखनी होगी



मुद्दा
रविन्द्र श्रीवास्तव

वैश्विक कूटनीति और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले कुछ समय से जो सुगबुगाहट चल रही थी, वह अब एक बेहद खतरनाक और सुनियोजित नेटवर्क के रूप में सामने आने लगी है। अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की हालिया रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' ने जिन तथ्यों को उजागर किया है, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी भी हैं। फ्रांस की सड़कों पर भड़के दंगे और भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों के तार आपस में जुड़े हुए हैं। यह कोई स्थानीय या स्वतः स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि 9 देशों के 101 संगठनों का एक ऐसा 'सीक्रेट नेटवर्क' है, जिसका मकसद लोकतांत्रिक सरकारों को अस्थिर करना और अराजकता फैलाना है। इस पूरे खेल को समझने के लिए इसके फंडिंग और वैचारिक पैटर्न को देखना होगा। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को 'रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम' नाम दिया है, जहां 'रेड' (वामपंथी-कम्युनिस्ट ताकतें) और 'ग्रीन' (इस्लामी संगठन) एक साझा एजेंडे के तहत साथ आए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अराजकता की आर्थिक कमान चीन के शंघाई में बैठे अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम के हाथों में बताई जा रही है। सिंघम पर पहले भी भारत विरोधी नैरेटिव और वामपंथी संगठनों को फंडिंग करने के आरोप लगते रहे हैं। अब उनकी पत्नी और 'कोडपिंक' की सह-संस्थापक जोडी इवांस के बयानों से साफ है कि फ्रांस, स्पेन और भारत के प्रदर्शनों को एक सोची-समझी रणनीति के तहत हवा दी जा रही है, ताकि आम जनता को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया जा सके। इस कूटनीतिक और सुरक्षात्मक विमर्श का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि इस नेटवर्क ने युवाओं और छात्रों को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्र समूहों के पास होना और 20 नवंबर को यूरोप में प्रस्तावित 'इंटरनेशनल यूथ स्ट्राइक' इस बात का सबूत है कि युवाओं की ऊर्जा को पूंजीवाद और लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ मोड़ने की गहरी साजिश रची जा रही है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग हो या भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ 'चुनाव आयोग' पर हमला, दोनों का पैटर्न एक जैसा है। संस्थाओं की विश्वसनीयता को खत्म करो और अराजकता का माहौल बनाओ। भारत के परिप्रेक्ष्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सत्तापक्ष जहां इसे देश के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय साजिश बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे ध्यान भटकाने की कवायद करार दे रहा है। राजनीति अपनी जगह हो सकती है, लेकिन एक संप्रभु राष्ट्र के नाते भारत इस प्रकार के इनपुट को हल्के में नहीं ले सकता। अतीत में भी टूलकिट और विदेशी फंडिंग के जरिए देश के आंतरिक माहौल को बिगाड़ने के प्रयास देखे जा चुके हैं। जब विदेशी ताकतें देश के भीतर चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बनाने लगें, तो यह मामला दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा का बन जाता है। कहा जा सकता है कि वैश्विक पटल पर 'कुछ तो गंभीर चल रहा है।' दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को अधिक सावधानी रखनी होगी। खुफिया एजेंसियों को डिजिटल मैप्स, टेलीग्राम नेटवर्क्स और विदेशी फंडिंग के स्रोतों पर पैनी नजर रखनी होगी, ताकि देश की संप्रभुता पर कोई आंच न आए। अगर आज इस 'अराजकता के सिंडिकेट' को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में लोकतंत्रों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

> सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए।

# लोकतंत्र का लुप्त होता स्तंभः जवाबदेही

एक विचित्र विरोधाभास सामने आता है। सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए। किसी लोकतंत्र में चुनाव हो सकते हैं, स्वतंत्र न्यायपालिका, संवैधानिक निकाय और विस्तृत कानून भी हो सकते हैं। फिर भी, यदि सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग करने वाले लोग अपनी शक्तियों के उपयोग के तरीके के प्रति पर्याप्त रूप से जवाबदेह नहीं हैं, तो धीरे-धीरे नागरिकों का विश्वास कम हो सकता है।

लोकतंत्र के लिए वास्तविक खतरा केवल शक्ति का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि ऐसी शक्ति भी है, जिसके प्रयोग का कोई स्पष्टीकरण न हो, जिसमें पारदर्शिता का अभाव हो और जिसके दुरुपयोग या विफलता के कोई परिणाम न हों। इस बात पर कोई दो राय नहीं हो सकती कि न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतंत्र होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और सरकारों से स्वतंत्र होना चाहिए। संवैधानिक प्राधिकारियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। संसद को कार्यपालिका के कार्यों की जांच और समीक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। फिर भी, इनमें से प्रत्येक संस्था अपनी वैधता संविधान से और अंततः जनता से प्राप्त करती है। भारत में लोकतंत्र का संचालन कई कठिन सच्चाइयों को सामने लाता है। सब कुछ ठीक नहीं है। लोग यह प्रश्न क्यों पूछते हैं कि क्या गलत हो रहा है? उन्हें इन प्रश्नों के उत्तर मिलने चाहिए। जनता का विश्वास जवाबदेही की माँग करता है। जवाबदेही समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे तंत्र विकसित करना है, जो संस्थाओं की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखते हुए उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करें। जवाबदेही की दिशा में पहला कदम पारदर्शिता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ने नागरिकों को जानने का अधिकार दिया है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को इससे एक कदम आगे बढ़ना होगा। जानने का अधिकार, प्रश्न पूछने के अधिकार में बदलना चाहिए और प्रश्न पूछे जाने के बाद संस्थाओं का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे उत्तर दें और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें।

भारत को व्यापक सार्वजनिक चर्चा के बाद एक स्वतंत्र संवैधानिक जवाबदेही आयोग स्थापित करने पर विचार करना चाहिए। इस आयोग के गठन में पर्याप्त संवैधानिक सुरक्षा उपाय होने चाहिए और इसे राजनीतिक तथा कार्यपालिका के दैनिक हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। इस आयोग का उद्देश्य न्यायिक निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनना या संवैधानिक प्राधिकारियों के वैध कार्यों तथा विवेकाधिकार में हस्तक्षेप करना नहीं होना



चाहिए। इसका कार्यक्षेत्र अधिक सीमित, लेकिन अधिक बुनियादी होना चाहिए। इसमें संस्थाओं द्वारा अपनी संवैधानिक और वैधानिक जिम्मेदारियों के अनुपालन की निगरानी करना, व्यवस्थागत कमियों की पहचान करना, निष्कर्ष प्रकाशित करना तथा सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव देना शामिल होना चाहिए।

प्रत्येक प्रमुख संवैधानिक संस्था को वार्षिक संवैधानिक प्रदर्शन रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में स्पष्ट और आसानी से समझ में आने वाले तरीके से जानकारियां दी जानी चाहिए। इन रिपोर्टों को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए और जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिस कार्य का पारदर्शी ढंग से मापन किया जाता है, उसके जिम्मेदारीपूर्वक किए जाने की संभावना अधिक होती है। संस्थागत शक्ति के सबसे कम पहचाने जाने वाले रूपों में से एक है-निर्णय लेने में देरी करने की शक्ति। जहां संविधान या कानून किसी संवैधानिक पदाधिकारी को निर्णय लेने का दायित्व सौंपता है, वहां जहां तक संवैधानिक रूप से संभव हो, उस शक्ति के प्रयोग के लिए एक उचित अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। यह सिद्धांत विशेष रूप से उन मामलों में महत्त्वपूर्ण है, जहां देरी से लोकतांत्रिक शासन, विधायी कार्यप्रणाली या नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विवेकाधिकार का अर्थ अनिश्चितकाल तक निष्क्रिय बने रहने की स्वतंत्रता नहीं हो सकता। बेशक, प्रत्येक संवैधानिक निर्णय को किसी कठोर समय-सीमा में बाँधना न तो संभव है और न ही आवश्यक। संवैधानिक मामलों की जटिलता के कारण कभी-कभी पर्याप्त विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। लेकिन वैध विचार-विमर्श और जानबूझकर की जाने वाली टालमटोल के बीच अंतर होना चाहिए। संवैधानिक शासन में चुप्पी और देरी को निर्णय लेने के विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। जवाबदेही सुनिश्चित करने के सबसे सरल और प्रभावशाली उपायों में से एक है - निर्णयों के कारण बताने की अनिवार्यता। किसी नागरिक को हमेशा अपनी इच्छानुसार परिणाम प्राप्त करने का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन जब किसी महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है, तो सामान्यतः नागरिक को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया। कारणयुक्त निर्णय लेने से एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति होती है- पारदर्शिता, अनुशासन और जनता का विश्वास। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यक हो, ऐसे निर्णयों की प्रभावी संवैधानिक और न्यायिक समीक्षा करना भी संभव होता है। निस्संदेह, कुछ परिस्थितियों में गोपनीयता या संवैधानिक आवश्यकताओं के कारण अपवाद उचित हो सकते हैं। लेकिन अपवाद इस नियम को ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। परिणामों के बिना जवाबदेही केवल विफलताओं का लेखा-परीक्षण बनकर रह जाती है। यदि कोई व्यवस्था लगातार या जानबूझकर की गई विफलताओं की पहचान तो करती है, लेकिन उसके बाद कोई सार्थक संस्थागत कार्रवाई नहीं होती, तो अंततः संस्थाओं को यही संदेश मिलता है कि जवाबदेही केवल औपचारिकता है। हालांकि, इन परिणामों की व्यवस्था अत्यंत सावधानीपूर्वक तैयार की जानी चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र यह आश्वासन भी है कि सार्वजनिक शक्ति सौंपी गई प्रत्येक व्यक्ति उसका प्रयोग संवैधानिक सीमाओं के भीतर करेगा, आवश्यकता पड़ने पर उसके प्रयोग का स्पष्टीकरण देगा, वैध जाँच और समीक्षा को स्वीकार करेगा। सभी संस्थाओं और उनकी शक्तियों के साथ कर्तव्य जुड़े होते हैं। जवाबदेही उन शक्तियों का अभिन्न अंग है।

( लेखक सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी




# कानून व्यवस्था को चुनौती देते गैंगस्टर

देश में संगठित अपराध और गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हाल में साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहों ने देश के कई राज्यों में सुरक्षा एजेंसियों की नाक में दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियों को निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्या की वारदातों ने शासन-प्रशासन के इकबाल पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। यह बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान व रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरों के निशाने पर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अब भी संगठित अपराध कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिस की खुफिया सूचनाओं की मदद से कोटा रेलवे स्टेशन से तीन संदिग्ध हमलावरों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलीबारी के बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का पुराना ख़ौफ़ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड के पुराने ख़ौफ़ की वापसी का संकेत है या इसे एक अलग घटना के तौर पर देखा जाना चाहिए? देश में कानून-व्यवस्था के समानांतर अपराध की सत्ता चलाने वाले गिरोहों का इतिहास पुराना रहा है। बेशक समय के साथ अपराधी संगठनों के नामकरण और अपराध के तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊद से लेकर छोटे राजन के गैंगवार की साक्षी रही है। अब वहां नये सिरे से गैंगस्टरों का दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलों को महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसा की इक्का-दुक्का घटनाओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तव में ये समाज में लगातार गहरी होती जाती एक गंभीर समस्या के लक्षण हैं।

यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरों की कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाज में रक्तबीजों की तरह लगातार बढ़ते जाएंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विता का खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होने से समाज को ही भुगतना पड़ेगा। दरअसल, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि इस हमले के संदिग्ध हमलावरों में से एक का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित साथी से है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए लॉरेंस बिश्नोई साल 2015 से जेल में बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षा में जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधों में संलिप्तता के रूप में कैसे उछाला जाता है? भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप व अमेरिका में सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिका में उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह के रूप में चिन्हित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियों में से एक, करमवीर सिंह को कनाडा से डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को नवंबर 2025 में अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल, यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहों के बीच सांठगांठ से जुड़ा बताया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों और लोक व्यवस्था का हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 303 लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियों को गुजरात की साबरमती जेल से बाहर ले जाने या मुंबई पुलिस की प्रत्यक्ष कस्टडी में देने पर रोक है। इस वजह से जांच एजेंसियां केवल जेल के अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशों का पूरी तरह पर्दाफाश करने में बाधा आ रही है। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनों की संवैधानिक वैधता और संगठित अपराधों से निपटने के प्रावधानों की समीक्षा कर रही है ताकि पुलिस व प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चन के इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस सके। गैंगस्टरों और अपराधियों पर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। निस्संदेह, कानून लागू करने वाली एजेंसियों को चुनौती देने वाले इन गिरोहों की कमर तोड़ना राज्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं अपराधियों में कानून का डर पैदा करने और जनता में सुरक्षा की भावना बहाल करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य और संतोष ही सुखी जीवन के आधार



संकलित
दर्शन

मानव स्वभाव से सौम्य, संवेदनशील और सहयोगी प्राणी है। उसके भीतर प्रेम, करुणा, सहानुभूति और परोपकार की भावनाएं विद्यमान रहती हैं, लेकिन जब वह आवेग, क्रोध और अनियंत्रित इच्छाओं के वशीभूत हो जाता है, तब उसका विवेक कमजोर पड़ने लगता है। क्षणिक आवेश में लिया गया निर्णय कभी-कभी उसके पूरे जीवन को संकट में डाल देता है। इसलिए जीवन में थोड़ी-सी सावधानी, विचारों पर नियंत्रण और आत्मजागृति का बहुत बड़ा महत्व है। मनुष्य यदि समय रहते अपने मन की चंचलता को पहचान ले और गलत दिशा में बढ़ते कदमों को रोक दे, तो अनेक अनर्थों से बच सकता है। जीवन की वास्तविक सफलता केवल उपलब्धियां प्राप्त करने में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और विचारों को संतुलित रखने में भी निहित है। मनुष्य का स्वभाव स्थायी रूप से बुरा नहीं होता। परिस्थितियां, मानसिक तनाव, क्रोध, लोभ और आवेग कभी-कभी उसे ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित कर देते हैं, जिनका पश्चाताप उसे बाद में होता है। आवेग एक ऐसा प्रवाह है, जो व्यक्ति की विचारशक्ति को अपने साथ बहा ले जाता है। उस समय सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए विवेक खो बैठता है और ऐसा कदम उठा लेता है, जिसकी कीमत उसे लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। इसलिए जब मन में क्रोध या प्रतिशोध की भावना प्रबल हो, तब तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ समय रुकना चाहिए।

# भगवान चढ़ाया गया भोग कैसे खाते हैं




संकलित
प्रेरणा

क्या भगवान हमारे द्वारा चढ़ाया गया भोग खाते हैं? यदि खाते हैं, तो वह वस्तु समाप्त क्यों नहीं हो जाती? और यदि नहीं खाते हैं, तो भोग लगाने का क्या लाभ? एक युवा शिष्य ने पाठ के बीच में अपने गुरु से यह प्रश्न किए, गुरु ने तत्काल कोई उत्तर नहीं दिया। वे पूर्ववत पाठ पढ़ाते रहे, उस दिन उन्होंने पाठ के अन्त में एक श्लोक पढ़ायाः

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

पाठ पूरा होने के बाद गुरु ने शिष्यों से कहा कि वे पुस्तक देखकर श्लोक कंठस्थ कर लें। एक घंटे बाद गुरु ने प्रश्न करने वाले शिष्य से पूछा कि उसे श्लोक कंठस्थ हुआ कि नहीं? उस शिष्य ने पूरा श्लोक शुद्ध-शुद्ध गुरु को सुना दिया। फिर भी गुरु ने सिर नहीं में हिलाया, तो शिष्य ने कहा कि वे चाहें, तो पुस्तक देख लें, श्लोक बिल्कुल शुद्ध है। गुरु ने पुस्तक देखते हुए कहा- श्लोक तो पुस्तक में ही है, तो तुम्हारे दिमाग में कैसे चला गया? शिष्य कुछ भी उत्तर नहीं दे पाया। तब गुरु ने कहा- पुस्तक में जो श्लोक है, वह स्थूल रूप में है। तुमने जब श्लोक पढ़ा, तो वह सूक्ष्म रूप में तुम्हारे दिमाग में प्रवेश कर गया, उसी सूक्ष्म रूप में वह तुम्हारे मस्तिष्क में रहता है। और जब तुमने इसको पढ़कर कंठस्थ कर लिया, तब भी पुस्तक के स्थूल रूप के श्लोक में कोई कमी नहीं आई। इसी प्रकार पूरे विश्व में व्याप्त परमात्मा हमारे द्वारा चढ़ाए गए निवेदन को सूक्ष्म रूप में ग्रहण करते हैं, और इससे स्थूल रूप के वस्तु में कोई कमी नहीं होती। उसी को हम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है।

- अशोक वर्मा, सिरसा

## ट्रेंड

### भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। हम 'भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज' स्थापित करने और अपने युवाओं के लिए प्रौद्योगिकी हैकाथॉन आयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रेहान की फोटो प्रदर्शनी



दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज़्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है। यानी, भाजपा सरकार की देखरेख में एक युवा कलाकार की कला को दबाया गया, जो कि बेहद निंदनीय है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीद अशफाकुल्ला खान की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका अटूट प्रेम आज भी एक मिसाल है। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सैमसन की बल्लेबाजी



जब भी मैं संजू सैमसन को बल्लेबाजी करते देखता हूँ, तो मुझे लगता है कि उनका बल्ला सेट-अप के दौरान बहुत ज्यादा बंद रहता है, जिससे उनके आउट-स्विंग गेंदों पर आउट होने का खतरा बढ़ जाता है। वह जिस तरह से इसे संभालते हैं, वह काबिले तारीफ है। - इरफ़ान पठान, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# नवरात्रि समारोहों में शामिल हुए न्यूयार्क के मेयर ममदानी



अमेरिका के इलिनॉय राज्य में एक मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश नाकाम किए जाने के कुछ दिन बाद न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने यहां भारतीय मूल के हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा मनाई तथा लोगों से नफरत के खिलाफ एकजुट होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपील की। ममदानी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'इस सप्ताह मुझे क्वींस में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशैं और विजयादशमी मनाने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा, 'हमने गरबा किया, आरती में हिस्सा लिया, सिंदूर खेला की रस्म देखी और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों के साथ मिलकर खुशी और श्रद्धा के इस उत्सव में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी, खासकर इसलिए कि पिछले सप्ताह ही इलिनॉय के एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की गई थी।' मेयर ने कहा, ' 'आइए, हम सभी नफरत के खिलाफ खड़े होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपनी साझा जिम्मेदारी निभाने के लिए एकजुट हों। जय माता की।' सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ममदानी भारतीय मूल के लोगों के साथ गरबा करते और मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेते दिखाई दिए।

## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी



आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## पैरा एशियन गेम्स : सभी खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम, कुल पदक संख्या 88 हुई

# भारत का दबदबा, चौथे दिन 26 मेडल जीतकर सूची में चौथे स्थान पर पहुंचा

एजेंसी ⏭ नागोया

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाडी अपना दबदबा दिखा रहे हैं। सभी खेलों के हुनरबाज खिलाड़ियों ने गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना अपने नाम किया। एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर T47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर टी 47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



### एथलेटिक्स : सुवर्णा ने 15.66 मीटर डिस्कस फेंका

सुवर्णा ने महिला डिस्कस थ्रो की एफ54 कैटेरी में 15.66 मीटर थ्रो किया। उन्होंने छह प्रयासों में चार बार 15 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। ईरान की शाहला हदीदी 15.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वियतनाम की थी न्गोक थुई गुयेन ने 14.65 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। एफ54 कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी आते हैं, जिनके धड़ और निचले अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये खिलाड़ी थ्रोइंग चेयर से मुकाबला करते हैं। सुवर्णा ने अपना गोल्ड जीतने वाला थ्रो पांचवें प्रयास में किया और पोडियम में पहला स्थान हासिल किया।

### एथलेटिक्स : भारत ने हाई जंप में क्लीन स्वीप किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की हाई जंप टी42/टी63 स्पर्धा में भारत ने तीनों मेडल जीतकर पोडियम पर कब्जा जमाया। शैलेश कुमार ने 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता और नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। वरुण सिंह भाटी ने 1.84 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर और राहुल ने 1.81 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारत ने 2022 के बाद लगातार दूसरी बार इस स्पर्धा के तीनों मेडल जीते।







### एथलेटिक्स : 400 मीटर टी47 में भारत को गोल्ड-सिल्वर

पैरा एथलेटिक्स की महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में भारत ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। अंजनाबेन बुम्बाडिया ने 59.97 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि जयंती बेहरा ने सिल्वर मेडल दिलाया।

### तीरंदाजी: भारतीय जोड़ी ने शीतल-तोमर ने जीता गोल्ड



शीतल देवी और तोमर कुमार ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया की थियोडोरा ऑडी ओंडिया फेरेली और केन स्वागुमिलांग को 151-148 से हराया। पहले चार तीर के सेट के बाद भारतीय जोड़ी के पास एक अंक की बढ़त थी। दूसरे सेट के बाद यह बढ़त 4 अंक हो गई। तब भारत का स्कोर 77 और इंडोनेशिया का 73 था। तीसरे सेट में भारतीय जोड़ी के चारों तीर 9 अंक पर लगे। हालांकि, आखिरी सेट में दोनों ने फिर 38 अंक हासिल किए और गोल्ड अपने नाम किया। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं।

### आर्चरी : शीतल देवी को दूसरा गोल्ड

पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी ने गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल फाइनल में सिंगापुर की नूर आलिम स्याहिदाह को 142-139 से हराया।

### तीरंदाजी की डब्ल्यू1 में स्वाति ने रचा इतिहास



स्वाति चौधरी ने एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी की डब्ल्यू1 कैटेगरी में भारत का पहला मेडल जीता। मेरठ की स्वाति चौधरी को विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में चीन की सेन मेंगकान से 4-6 से हार मिली। इस जीत के साथ स्वाति ने सिल्वर और सेन ने गोल्ड मेडल जीता। सेन दुनिया की 23वें नंबर की तीरंदाज हैं। वे ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में मेरठ की गुरुकुल आर्चरी एकेडमी में ट्रेनिंग करती हैं।

### धर्मराज ने लॉन्ग जंप का गोल्ड अपने नाम किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप T44/T62/T64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया। सोलैराज ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 6.80 मीटर की छलांग लगाई थी।



### एथलेटिक्स : दिलीप ने लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 48.27 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। भाविककुमार भरवाड़ ने 49.31 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीता था।

## खबर संक्षेप

### रवि की तैराकी में पदकों की हैट्रिक

**नागोया।** भारत के किशोर पैरा तैराक रवि बुडिगिना ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदकों की हैट्रिक पूरी की जबकि तीन अन्य भारतीय तैराकों ने भी पदक जीते। रवि इससे पहले इस सप्ताह पुरुषों की एस13 वर्ग की 100 मीटर बैकस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में भी रजत पदक जीत चुके हैं। आंध्र प्रदेश के दृष्टिबाधित 18 वर्षीय रवि ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 25.89 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।



### अनाहत ने विश्व चैंपियन एल शेरबिनी को हराया

**नई दिल्ली।** भारत की विश्व में 15वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेले जा रहे सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनी को सीधे गेम में उलटफेर का शिकार बनाकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# बैडमिंटन : भारत ने चार कांस्य जीते, नवीन एकल फाइनल में

एजेंसी ⏭ नागोया




थुलासिमथी मुरुगेसन और नितेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 जबकि नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा चार कांस्य पदक भी जीते।

### ऐसा रहा युगल व सिंगल मुकाबला

थुलासिमथी और नितेश ने इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में चीन के ली मिंगपान और शियाओ जुक्सियन को 21-19, 14-21, 21-17 से पराजित किया। यह मैच 42 मिनट तक चला। नवीन ने पुरुष एकल एसएल4 सेमीफाइनल में हमवतन अभिजीत सखूजा को 21-13, 21-15 से हराया।

### मिश्रित युगल स्पर्धा में मिला कांस्य

मिश्रित युगल स्पर्धा में फाइनल दो भारतीय जोड़ियों के बीच हो सकता था लेकिन मनीषा रामदास और प्रमोद भगत इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और हिकमत रामदानी से 21-16, 13-21, 17-21 से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### सुहास- कृष्णा ने पुरुष एकल में जीता कांस्य

पुरुष एकल में तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास ललिनाकेरे यथिराज एसएल4 सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से 21-23, 21-8, 15-21 से हार गए और एक और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।



### सिंधू व अश्मिता फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में, तन्वी और शेट्टी बाहर

**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने बृहस्पतिवार को यहां 9,50,000 डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधू और अश्मिता ने जापान की खिलाड़ियों क्रमशः रिको गुंजी और अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। गैर वरीय अश्मिता दिन की सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में दुनिया की नंबर दो और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची को 37 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया।

### बूक का रिकॉर्ड दोहरा शतक बेकार, श्रीलंका ने वनडे में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

**रावलपिंडी।** श्रीलंका ने इंग्लैंड के कप्तान हैरी बूक के रिकॉर्ड दोहरे शतक पर पानी फेरते हुए त्रिकोणीय शृंखला के मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां वनडे क्रिकेट की यादगार जीत दर्ज की। श्रीलंका ने जीत के लिए मिले 430 रन के विशाल लक्ष्य को एक गेंद शेष रहते आठ विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। यह वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसका सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड है। बूक की 116 गेंदों में 202 रन की विस्फोटक पारी के दम पर इंग्लैंड ने चार विकेट पर 429 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका ने 24 रन पर दो विकेट गंवाने के बावजूद पवन रत्नायके के 130 रन, अविष्का फर्नांडो और दासुन शनाका के 97-97 रन तथा जनिथ लियानागे की 27 गेंदों में नाबाद 61 रन की तूफानी पारी की बदौलत आठ विकेट पर 430 रन बनाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

हरियाणा सरकार

आगे बढ़े बचपन

3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए

मजबूत नींव, उज्ज्वल भविष्य



आंगनवाड़ी में खेल-खेल में सीखें

1. भाषा और बातचीत में सुधार
बच्चे अधिक बोलते, सुनते और अपनी बात व्यक्त करना सीखते हैं।
2. बेहतर सोचने-समझने की क्षमता
ध्यान, याददाश्त और समस्या के समाधान की क्षमता बढ़ती है।
3. भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास
बच्चे अधिक खुश, आत्मविश्वासी और दूसरों के साथ मिल-जुलकर रहना सीखते हैं।
4. खेल के माध्यम से नए कौशल सीखना
रंग, आकार, गिनती, वर्गीकरण और दैनिक जीवन के कौशल।
5. सामाजिक व्यवहार का विकास
चीजों को साझा करना और समूह में रहना सीखते हैं।
6. स्कूल के लिए बेहतर तैयारी
कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवश्यक कौशल, आत्मविश्वास और रूचि का विकास।

इसके लिए विभाग द्वारा शिक्षण-अधिगम सामग्री (TLM) उपलब्ध करवाई गई है, जिससे बच्चे आसानी से और खेल-खेल में सीखते हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
बेज़ नंबर 15-20, सेक्टर 4, पंचकूला, हरियाणा-134112, फोन: 0172 256 0349.
वेबसाइट: wcdhry.gov.in हेल्पलाइन: 181 | 1098

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## पहले टी-20 मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की

# संजू और नमन के बल्ले से निकली जीत, भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ⏭ क्राइस्ट चर्च

भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 225/4 का स्कोर बनाया, जिसमें ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 82 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन के अर्धशतक (67) और नमन धीर (42*) की मदद से लक्ष्य हासिल किया। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य है।



### नमन और अय्यर ने खेली शानदार पारी

भारत की इस जीत में कप्तान अय्यर ने 28 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें एक चौका और 2 छक्के शामिल रहे। भारतीय ऑलराउंडर नमन धीर ने कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने 15 गेंदों में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर नाबाद रहे। अय्यर और नमन ने मिलकर 22 गेंदों में 43 रन की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने भी 14 गेंदों में 24 रन का योगदान दिया।

### रोचक रहा पहला टी-20 मैच

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 45 रन बनाए। उनके बाद फिलिप्स ने अर्धशतक लगाया, जबकि बेवन जैकब्स ने 16 गेंदों में 31 रन का योगदान दिया और कीवी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को संजू सैमसन (67) और अभिषेक शर्मा (29) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (42) ने भी संघर्ष दिखाया। अंत में नमन धीर (42*) ने आखिरी ओवर में जीत दिलाई।

### भारत ने रचा इतिहास

भारतीय टीम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य हासिल करने का अपना नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले भारत द्वारा हासिल किया सर्वोच्च लक्ष्य 209 रन का था। भारत ने ऑस्ट्रेलिया (वाईजैक, 2023) और न्यूजीलैंड (रायपुर, 2026) के खिलाफ 209 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।




## तिब्बत में 7.0 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**बीजिंग।** चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में बृहस्पतिवार को 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार भूकंप रात करीब 10 बजकर 33 मिनट पर नगकू शहर की बाकेन काउंटी में आया। भूकंप के बाद तत्काल किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। तिब्बती पठार को शक्तिशाली भूकंपों के प्रति संवेदनशील माना जाता है क्योंकि यह ठीक उस जगह पर स्थित है जहां यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं और अक्सर इनके बीच जोरदार टक्कर होती रहती है।

## पीएम मोदी से मिले पोलैंड के पीएम टस्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की और व्यापार, रक्षा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की।

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत-पोलैंड साझेदारी के लिए नए अवसर बढ़े हैं।

# द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर तक व्यापार बढ़ाने का रखा लक्ष्य

- रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाएंगे
- पोलैंड की कंपनियां उत्पादन और विकास में मदद करेंगी


पोलैंड पीएम डोनाल्ड टस्क और पीएम मोदी

**दोनों देशों के बीच मानवता आधारित मित्रता**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड की मित्रता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता और संवेदना की साझी विरासत पर आधारित है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जामनगर और कोल्हापुर के राज परिवारों ने पोलैंड के हजारों बच्चों और परिवारों को भारत में आश्रय दिया था।

### महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी से मुलाकात से पहले डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार सुबह राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राष्ट्रपिता की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### पीएम मोदी को दोस्त कहने पर गर्व: टस्क

*पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त कहने पर गर्व है। हम अपनी दोस्ती को मरोसे, साझा मूल्यों और अहिंसा के विचार पर गढ़ रहे हैं।*

# चुनाव से पहले नेतन्याहू ने पीएम मोदी से बात की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इजराइल के स्वतंत्रता दिवस पर मशाल जलाने का न्योता दिया
- मोदी बोले- नेतन्याहू से पश्चिम एशिया के हालात पर बात हुई



नेतन्याहू ने मोदी को अगले साल 12 मई को इजराइल के स्वतंत्रता दिवस पर मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर बातचीत की जानकारी देते हुए मोदी को अपना मित्र बताया। नेतन्याहू के मुताबिक, मोदी ने निमंत्रण के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत और इजराइल आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते हैं। मोदी ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर बताया कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के हालिया हालात पर चर्चा की और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बहाल करने की तत्काल जरूरत पर जोर दिया। इजराइल का स्वतंत्रता दिवस योम हा'अत्जमाउत कहलाता है। यह हिब्रू कैलेंडर के 5 इयार को मनाया जाता है। इसलिए ग्रेगोरियन कैलेंडर में इसकी तारीख हर साल बदलती रहती है। नेतन्याहू ने इससे पहले फ्लाईदुबई के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर से फोन पर बात की थी। उन्होंने स्मित को भारत और इजराइल के लोगों का हीरो बताया था और उन्हें इजराइल आने का न्योता दिया था। उस बातचीत में नेतन्याहू ने कहा था कि वे स्मित और अपने मित्र नरेंद्र मोदी को इजराइल के अगले स्वतंत्रता दिवस समारोह में मशाल जलाने के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। अब उन्होंने मोदी से सीधे बात कर इस निमंत्रण का जिक्र किया है।

## सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल ठिकाने पर हूती विद्रोहियों का बड़ा हमला


# 1 भारतीय समेत 3 की मौत, 10 घायल, विदेश मंत्रालय बोला- हमें निशाना बनाना अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶| रियाद

इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और 370 घायल हुए हैं

सऊदी अरब में बुधवार देर रात एक एयरपोर्ट और एक तेल ठिकाने पर हुए हमलों में एक भारतीय समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। इसमें 3 भारतीय भी हैं। दम्माम शहर के किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले में एक भारतीय की मौत हुई। वहीं दो भारतीयों समेत 8 लोग घायल हुए। वहीं, अरामको के शैबा तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए। सऊदी अरब के दमाम एयरपोर्ट पर हमले के बाद आसमान में धुएं का गुबार उठता नजर आया। सऊदी अरब के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर हमले की जानकारी दी। इसमें एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है। दम्माम, फारस की खाड़ी के तट पर स्थित है। यह बहरीन और कतर के करीब है। दुनियाभर की उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा है।

- हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा
- सऊदी अरब ने पूर्वी इलाके में 4 ड्रोन हमलों को रोका


सऊदी के दम्माम एयरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों का हमला

### अमेरिका ने कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया

अमेरिका ने सऊदी अरब में मौजूद अपने सरकारी कर्मचारियों (जो आपातकालीन सेवाओं से नहीं जुड़े हैं) और उनके परिवार के सदस्यों को वहां से वापस लौटने का आदेश दिया है। यह कदम नागरिक हवाई अड्डों और अन्य बुनियादी ढांचे पर हूती विद्रोहियों के बढ़ते हमलों को देखते हुए उठाया गया है। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि ये हमले और फैल सकते हैं। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने इस आदेश की पुष्टि की है।

**◆शैबा ऑयलफील्ड पर हमले में एक भारतीय घायल**

सऊदी अरब के शैबा ऑयलफील्ड पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया है। भारत के सऊदी अरब स्थित दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दूतावास को पता चला है कि आज शैबा ऑयलफील्ड पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक घायल हुआ है। हम सऊदी अधिकारियों के संपर्क में हैं और आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

*विदेश मंत्रालय ने की कड़ी निंदा*

### 21 भारतीय नाविकों वाले तेल टैंकर पर हमला

होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक तेल टैंकर पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ है। इस टैंकर पर 21 भारतीय नाविक सवार थे। हालांकि, राहत की बात है कि सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना स्थानीय समय के अनुसार बुधवार को हुई। कुवैत के झंडे वाला तेल टैंकर एम/टी अल दसमा जब होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि 21 अक्टूबर को कुवैत के झंडे वाले तेल टैंकर एम/टी अल दसमा पर, जिसमें 21 भारतीय नाविक थे, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। हमारे सभी 21 भारतीय चालक दल के सदस्य बाकी क्रू के साथ पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 100वें स्थान पर



**नई दिल्ली।** ग्लोबल हंगर इंडेक्स के तहत 122 देशों का सर्वे किया गया, जिसमें भारत 100वें और पाकिस्तान 106वें स्थान पर रहा। यह इंडेक्स हर छह साल में एक बार जारी किया जाता है। इस इंडेक्स को जर्मन सहायता एजेंसी 'वेल्थहंगरहिल्फे' और आयरिश संगठन 'कंसर्न वर्ल्डवाइड' ने मिलकर जारी किया है। इसमें 'इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट' और स्विस संगठन 'हेल्वेटास' जैसी सहयोगी संस्थाएं भी शामिल हैं। भारत 100वें स्थान पर है, जहाँ 9.8 प्रतिशत आबादी कुपोषित है।

## पागल कुत्ते के काटते ही गाय की मौत, उसी गाय के दूध से बना चरणामृत गांव में बंटा

**450 को लगी रेबीज की वैक्सीन**

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर



यूपी के गोरखपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां दुर्गा पूजा के दौरान बना चरणामृत दो गांव के लोगों के लिए मुसीबत बन गया। दरअसल, जिस गाय के दूध से चरणामृत बनाया गया था, उसे पागल कुत्ते ने काट लिया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद डर के मारे दो गांव के 450 लोगों ने एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई।

**ये बोले डॉक्टर-**

डॉक्टरों ने कुत्ते के काटने की आशंका जताई। नवमी यादव का दावा है कि कुछ देर बाद गाय अजीब तरह से भौंकने लगी और उसकी मौत हो गई।




## 24 घंटों में हुए बहुत से साइबर अटैक, दुनिया में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



खतरनाक कोड डाल दिया गया। भारत की कंपनी ईमुद्रा से जुड़े डिजिटल सर्टिफिकेट का मामला भी इसी दौरान ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी की बड़ी चर्चा बन गया। अच्छी बात ये है कि अब तक कोई बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

इंटरनेट की दुनिया में पिछले 24 घंटे काफी हलचल भरे रहे हैं। वेबसाइट चलाने वाले सॉफ्टवेयर से लेकर डिजिटल सर्टिफिकेट, एआई टूल और क्लाउड प्लेटफॉर्म तक, कई अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा से जुड़ी गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। कहीं ऐसी खामियां मिलीं जिनसे हमलावर किसी सर्वर पर अपना कोड चला सकते थे, तो कहीं सॉफ्टवेयर के अपडेट में ही

## ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

# 2028 तक आएगी नई पीढ़ी की मिसाइल, कई देश खरीदना चाह रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


डॉ. जयतीर्थ जोशी

ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई।

### ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे

डॉ. जोशी ने बताया कि आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं।

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम से चिंतित अमेरिका नए हमले की तैयारी कर रहा

# ट्रंप बोले- कोई बातचीत नहीं हो रही, तेहरान के साथ चुनाव बाद जल्द कुछ होने वाला है

एजेंसी ▶▶| तेहरान/ वॉशिंगटन

**इजराइल में 27 अक्टूबर को चुनाव**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अमेरिका, ईरान के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। इसके साथ ही बहुत जल्द ही कुछ होने वाला है। मीडिया से चर्चा में ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन किसी न किसी तरह से कुछ न कुछ जरूर होगा। यह बहुत जल्द होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को उम्मीद है कि अगले महीने अमेरिकी चुनाव के बाद कुछ घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं। हमले का कारण ईरान के बढ़ते यूरेनियम संवर्धन और परमाणु गतिविधियों को लेकर बातचीत विफल होना है। ईरान तेजी से परमाणु बम कार्यक्रम को पूरा करने में जुटा है जिसे लेकर अमेरिका चिंतित है। वहीं, इजराइल में 26वीं नेसेट (संसद) के लिए आम चुनाव 27 अक्टूबर 2026 को होने जा रहे हैं।

- चुनाव परिणाम 4 नवंबर को घोषित
- 3 नंबर को ईरान पर हमले की आशंका


डोनाल्ड ट्रंप, मुजतबा ख़ामेनेई फाइल फोटो

### 'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' से करेंगे हमला: ईरान

*ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर कोई नई सैन्य कार्रवाई होती है, तो वह उसका जवाब देगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता हुसैन मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका के पास 'मदर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों की मां) है। हम उन्हें 'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों का पिता) दिखाएंगे, और यह निश्चित रूप से उनके लिए कुछ नया होगा।' हालांकि, तेहरान ने इस हथियार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है और न ही यह स्पष्ट किया है कि इस धमकी का असल मतलब क्या है।*

## पीएनबी करेंसी चेस्ट में मिले 17.29 करोड़ के नकली नोट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर शहर में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपये की नकली भारतीय करेंसी मिलने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने नकली नोटों की छपाई और सप्लाई की कथित साजिश में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार और हरीश रौंता के रूप में हुई है। एनआईए के मुताबिक, दोनों इस साजिश के प्रमुख किरदार हैं और गिरफ्तार किए जा चुके अन्य आरोपियों के करीबी सहयोगी भी हैं। एजेंसी अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। एनआईए के मुताबिक, अजय कुमार को 16 अक्टूबर 2026 को हरियाणा के अंबाला से गिरफ्तार किया गया था। वहीं, दूसरे आरोपी हरीश रौंता को 22 अक्टूबर 2026 को हिमाचल प्रदेश के मनाली से पकड़ा गया।

**एनआईए के हत्थे चढ़े दो मुख्य आरोपी, एक अंबाला से पकड़ा**




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28